Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 26 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 220 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

मन की बात कह देने से फैसले हो जाते हैं, मन में रखने से फासले हो जाते हैं।

कृति सेनन ने नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतने...

SHARE

सेंसेक्स	:	64,886.51
निफ्टी	:	19,265.80

SARAFA

सोना	:	5,585
चांदी	:	79.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

वायनाड में सड़क दुर्घटना में नौ महिलाओं की मौत

NEW DELHI : केरल के वायनाड के मननथावाड़ी में चाय बागान श्रमिकों को ले जा रही एक जीप पलटने से 9 महिलाओं की मौत हो गई। हादसा दोपहर 3.30 बजे मननथावाड़ी थलापुझा कन्नोथ हिल के पास हुआ। हादसे की शिकार ये सभी महिलाएं वायनाड की रहने वाली बताई गई हैं। हादसे में ड्राइवर समेत तीन घायलों की हालत बेहद गंभीर है। जिला कलेक्टर ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। घायलों का मननथवाड़ी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। जिस जीप में मजदूर यात्रा कर रहे थे, वह अनियंत्रित होकर पलट गई। जीप 30 मीटर की गहरे खड्ड में जा गिरी। जीप में 12 लोग सवार थे। ड्राइवर को छोड़कर सभी महिलाएं थीं। वन मंत्री ने कहा कि घायलों का उपचार आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक कर रहे हैं। कांग्रेस नेता एवं वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने जीप हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनकी जिले के सम्बन्धित अधिकारियों से बात हुई है और उन्होंने पीड़ितों को शीघ्र सहायता मुहैया कराने का आग्रह किया है। उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। राहुल ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

मिजोरम पुल हादसे में मृतकों की संख्या हुई 23

AIZAWL : मिजोरम के साइरंग में निमार्णाधीन रेलवे ब्रिज हादसा में मरने वालों की संख्या अब 23 हो गई है, जबकि तीन घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रथम वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने शुक्रवार को दुर्घटनास्थल से एक और शव को बरामद किया गया। गुरुवार को चार शव बरामद किए गए थे। दरअसल, 23 अगस्त को मिजोरम के आइजोल के साइरंग में निमार्णाधीन रेलवे ब्रिज ढह गया था। पुल के मलबे में 26 मजदूर दब गए थे। 5वीं आईआरबीएन लुंगवेरह, आइजोल में तैनात पहली बटालियन एनडीआरएफ की टीम इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव के नेतृत्व में घटनास्थल पर बचाव अभियान चलाया गया। बचाव अभियान में सामान्य नागरिक प्रशासन, एसडीआरएफ, बीएसएफ और स्थानीय संगठन के साथ ही एनडीआरएफ की टीम ने सामूहिक प्रयासों से 23 शवों को निकाला गया और जबकि गंभीर रूप से घायलों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। मलबा हटाने के दौरान एनडीआरएफ ने शुक्रवार को एक और शव बरामद किया।

राज्य में हाइड्रोजन इंजन निर्माण का रास्ता साफ

एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर, सीएम हेमंत सोरेन बोले- राज्य के विकास को मिलेगी गति

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहा है कि हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना से राज्य के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार क्लाइमेट चेंज से निबटने के लिए सकारात्मक काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और झारखंड सरकार के बीच नई परियोजना से जुड़े समझौता पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यह दिन झारखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। ऐसे तो देश की आजादी से लेकर अब तक झारखंड में उद्योग के क्षेत्र में कई कड़ियां जुड़ीं हैं, लेकिन यह बेहद खास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर ने इस राज्य को विभिन्न प्रकार की खनिज संपदाओं से आच्छादित किया है। यही कारण है कि झारखंड में कई छोटे-बड़े

एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद कॉपी का आदान-प्रदान करते कंपनी व सरकार के प्रतिनिधि ● फोटोन न्यूज

उद्योगों के साथ-साथ बड़े-बड़े तकनीकी उद्योग भी स्थापित हुए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज से दो दिन पहले देशभर में चंद्रयान मिशन को लेकर काफी चर्चा थी। भारत ने चंद्रयान मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। हमारे वैज्ञानिकों ने यह फिर साबित किया कि भारत किसी से कम नहीं है। इस पूरे चंद्रयान अभियान में झारखंड के बोकारो जिला निवासी एक आदिवासी युवा शिवशंकर बेसरा का भी सराहनीय योगदान रहा है। शिवशंकर बेसरा इसरो की टीम में वैज्ञानिक के रूप में शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के नौजवानों में हुनर की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम नीति निर्धारण करने वाले लोग और यहां काम कर रही औद्योगिक संस्थाएं इस बात को समझें कि हमें इस राज्य के लिए क्या करना है। यहां के युवाओं को किस दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वैसे तो झारखंड कहने के लिए देश के पिछड़े राज्यों में शामिल है, परंतु हमारा राज्य पिछड़े राज्यों की लाइन में क्यों खड़ा है, मैं इसका मुकम्मल हल नहीं ढूंढ़ पाया हूं, लेकिन हल ढूंढ़ने के लिए निरंतर प्रयासरत हूं। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड की युवा पीढ़ी की सोच के अनुरूप, यहां की जनभावनाओं के अनुरूप विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर एक बेहतर कार्ययोजना बनाते हुए राज्य को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी लोग इस सभागार में जिस कार्य के लिए एकत्रित हुए हैं, यह सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में चर्चा का विषय रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य सरकार झारखंड की धरती पर हाइड्रोजन इंजन निर्माण के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम के साथ समझौता कर रही है।

झारखंड को इलेक्ट्रिक व्हीकल हब बनाएंगे : गिरीश

टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा कि झारखंड भारत में पहला राज्य होगा, जहां हाइड्रोजन से चलने वाले इंजन बनाने का संयंत्र लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कंपनी कमिंस लिमिटेड के साथ टाटा मोटर्स ने 50-50 का ज्वाइंट वेंचर किया है। झारखंड को इलेक्ट्रिक व्हीकल हब के रूप में परिवर्तित करने के लिए इस कंपनी के आने के बाद कई सपोर्ट मिलेंगे। राज्य में आर्थिक विकास हो, इसके लिए उद्योगों को विकसित करने में झारखंड सरकार दिलचस्पी ले रही है। इससे एक हजार लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसमें 75 फीसदी स्थानीय लोगों को नौकरी मिलेगी।

प्रकृति के साथ समन्वय कर आगे बढ़ने की जरूरत

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड प्रदेश का 30 फीसदी हिस्सा जंगलों से घिरा है। छोटे-छोटे झाड़-वनों को मिला दें, तो यह बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाता है। वर्तमान में देश और दुनिया के लिए जलवायु परिवर्तन तेजी से चुनौती बनकर उभर रहा है। क्लाइमेट चेंज को लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर बड़ी-बड़ी गोष्ठियां, सेमिनार हो रहे हैं। जलवायु परिवर्तन को लेकर हमारी सरकार एक बेहतर कार्ययोजना बनाते हुए जन सहभागिता के साथ कई क्षेत्रों में सकारात्मक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जैसे शहर की जलवायु के विषय में हम लोग अक्सर सुनते हैं। प्रकृति को चुनौती देना मानव जीवन के लिए भारी पड़ता दिख रहा है। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन का घातक असर दिख रहा है। इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं बेमौसम बरसात तो कहीं सुखाड़, कहीं बाढ़, विचित्र स्थिति है। प्रकृति के साथ ज्यादा छेड़छाड़ करने का परिणाम भी हम सभी लोग देख रहे हैं। प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर विकास के पथ पर आगे बढ़ने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना जलवायु परिवर्तन में सुधार के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

स्कूल की छत गिरी, बच्ची गंभीर रूप से घायल, वेंटिलेटर सपोर्ट पर

तुपुदाना के सेक्रेड हार्ट स्कूल की घटना, हादसे की जांच जारी

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हुलहुंडू में स्थित प्रसिद्ध स्कूल सेक्रेड हार्ट की छत से गिरने की वजह से 11 साल की बच्ची आराध्या कृष बुरी तरह से घायल हो गई। घायल होने के बाद आनन-फानन में बच्ची को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बच्ची की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बच्ची की स्थिति के बारे में बताते हुए पारस हॉस्पिटल के ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ अंकुर सौरव ने कहा कि बच्ची को मल्टीपल फ्रैक्चर हुई है। उसके पैर, हाथ, बांह, जबड़े, चेहरे और माथे पर गंभीर चोट लगी हैं। बच्ची को वेंटिलेटर पर रखा गया है। डॉ अंकुर ने बताया कि बच्ची की स्थिति इतनी गंभीर है कि वह

इलाज में बनी मेडिकल टीम

डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची को पाली ट्रामा केयर की जरूरत है, जिसे लेकर मेडिकल टीम बनायी गई है। इसमें बच्ची के इलाज में मैक्सिलोफेशियल सर्जन, न्यूरोसर्जन, जेनरल सर्जन, पीडियाट्रिशियन की टीम बनायी गई है। ये सभी अपने तरीके से मरीज की जांच व इलाज कर रहे हैं। इनके साथ ही फिजिशियन डाक्टर भी हैं जो बच्ची के इलाज में मदद कर रहे हैं। वेंटिलेटर में मरीज पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। स्कूल में पढ़ रही एक छात्रा के अनुसार चौथी क्लास की कक्षा चल रही थी। बच्चे पढ़ाई में व्यस्त थे। इसी बीच शोर मची कि एक बच्ची छत से गिर गई। सूचना मिलते ही पूरे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि बच्चों को क्लास में ही रखे। बाहर न निकलने दें। वहीं, स्टाफ व अन्य प्रबंधन के कर्मी बच्ची को स्कूल पहुंचाने में जुट गए। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पूरे स्कूल की बच्चों में भय व्याप्त हो गया। पहले तो अफवाह उड़ी कि बच्ची की मौत हो गई।

सांस भी अभी खुद से नहीं ले पा रही है, इसलिए आर्टिफिशियल मशीन से उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। बच्ची की स्थिति को देखते हुए अस्पताल के विभिन्न विभागों के डॉक्टर जैसे न्यूरोसर्जरी, जेनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक, ऑथोर्पेडिक सर्जन और मौक्सिलोफेशियल सर्जन की टीम इलाज में जुटी हुई है।

हिमाचल में भूस्खलन से तबाही जारी, 54 घर ध्वस्त

SHIMLA : हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का दौर थमने के बावजूद भूस्खलन से तबाही का दौर जारी है। राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम खुलने से लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन भूस्खलन की घटनाओं में कमी नहीं आई। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटों में राज्य में 54 कच्चे-पक्के घर धराशायी हुए। इसके अलावा 203 घर दरार आने से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए। इसी तरह 85 पशुशालाएं भी ध्वस्त हुईं। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 35 घर गिरे हैं। कांगड़ा में नौ, शिमला व सोलन में तीन-तीन, उना व हमीरपुर में दो-दो घर धराशायी हुए। रिपोर्ट के अनुसार भूस्खलन से राज्य में चार नेशनल हाईवे सहित 729 सड़कें बाधित रहीं। लोकनिर्माण विभाग के मंडी जोन में सबसे ज्यादा 282 सड़कें बंद रहीं। इसके अलावा शिमला जोन में 229, हमीरपुर जोन में 125 और कांगड़ा जोन में 89 सड़कों पर आवागमन ठप रहा। वहीं नेशनल हाईवे की बात करें तो एनएच के शिमला जोन में एनएच-305, एनएच 705, एनएच-21ए और शाहपुर जोन में एनएच-03 अवरूद्ध हुआ।

बाबूलाल ने अवैध तरीके खरीदी सैकड़ों एकड़ जमीन : JMM

खरीद में अवैध तरीका अपनाने का आरोप

PHOTON NEWS RANCHI : झामुमो और कांग्रेस ने बाबूलाल मरांडी और ईडी पर बड़ा हमला बोलै है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का कागजात मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस कंपनी में तीन निदेशक हैं। जिसमें एक रामिया मरांडी जो बाबूलाल मरांडी के छोटे भाई हैं। दूसरी निलिमा तिवारी जो सुनील तिवारी की पत्नी हैं। तीसरे मिहिजाम के योगेंद्र तिवारी, जो निदेशक होने के साथ-साथ बड़े जमीन ब्रोकर हैं। कंपनी और जमीन ब्रोकर के जरिए संथाल परगना में सैकड़ों एकड़ जमीन खरीदी गयी। इतना ही नहीं, इस कंपनी में बाबूलाल मरांडी के काले

प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य।

धन को खपाया जाता है। ये सब बातें जब भाजपा को पता चल गया और बाबूलाल मरांडी को हड़काया गया, तो उन्होंने भाजपा में जाना ही उचित समझा। मतलब साफ है कि हर गलत काम करने वालों की सबसे सुरक्षित जगह भाजपा बन गयी है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, मरांडी कहते हैं कि वे कुतुबमीनार से कूद गए थे, भाजपा ने उन्हें बचा लिया। मगर सच यह है कि बाबूलाल जेल जाने से बचने के लिए भाजपा में शामिल हुए। अब मरांडी भाजपा में अपनी छवि को साफ-सुथरा करने के लिए हर दिन अनाप-शनाप बोल रहे हैं।

लालू के बेल के खिलाफ याचिका पर सुनवाई टली

AGENCY NEW DELHI : आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को झारखंड हाईकोर्ट से मिली जमानत को चुनौती वाली सीबीआई की याचिका पर आज शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई अक्टूबर तक टाल दी है। सीजेआई की कोर्ट ने फिलहाल सुनवाई की अगली तारीख नहीं बतायी है। अब सभी की नजरें अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। लालू

यादव को जेल होगी या फिर सुप्रीम कोर्ट से भी राहत मिलेगी, अब अक्टूबर में पता चलेगा। दरअसल लालू यादव को झारखंड हाइकोर्ट ने सजा की आधी अवधि पूरी करने के ग्राउंड पर बेल दी थी।

पंजाब में गवर्नर ने राष्ट्रपति शासन की दी चेतावनी

CHANDIGARH : पंजाब के गवर्नर बीएल पुरोहित ने राज्य में राष्ट्रपति शासन की चेतावनी दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कहा- राजभवन द्वारा मांगी गई जानकारियां सरकार की ओर से नहीं दी जा रही हैं। ये संवैधानिक कर्तव्य का अपमान है। मुख्यमंत्री के इस आचरण पर उनके पास कानून और संविधान अनुसार कार्रवाई करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचता। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार है जिसकी अगुवाई सीएम भगवंत मान कर रहे हैं। गवर्नर ने मुख्यमंत्री से कहा है कि यदि उन्होंने गवर्नर हाउस के पत्रों का जवाब नहीं दिया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

DARKWEB से डेटा लेकर करोड़ों ठगे

नोएडा पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, 88 लोग किए गए गिरफ्तार

AGENCY NOIDA : 'मैं अमेरिका के सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटिव से बात कर रही हूं। मैं आपकी कैसे मदद कर सकती हूं? ' ये स्क्रिप्ट की पहली लाइन है। जो अमेरिकी नागरिकों से फोन पर नोएडा से जालसाज बोलती थीं। इसके बाद शुरू होता था अमेरिकी नागरिकों को फंसाने का खेल। एक बार विदेशी नागरिक झांसे में आया, तो उसके बैंक अकाउंट से लाखों डॉलर निकाल लेते थे। अमेरिकी एजेंसी के इनपुट

नोएडा ऑफिस में पुलिस रेड के दौरान मौजूद कर्मचारी ● एजेंसी

पर नोएडा पुलिस ने गुरुवार को बड़े फर्जी कॉल सेंटर को पकड़ा। ये जालसाज अमेरिकी नागरिकों को एसएसएन (सोशल सिक्योरिटी नंबर) का गलत इस्तेमाल के नाम पर धमकी देते थे, फिर क्रिप्टो करेंसी और गिफ्ट कार्ड के जरिए ठगी कर रहे थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि डार्कवेब से 4 लाख अमेरिका के लोगों का डेटा लेकर कई करोड़ की ठगी की गई। नोएडा पुलिस ने कॉल सेंटर ऑफिस से 46 लड़के और 38 लड़कियों को अरेस्ट किया है। इनमें 90% लोग नॉर्थ ईस्ट के हैं। ये क्रिप्टो बार कोड या गिफ्ट कार्ड के जरिए जालसाजी करते थे। मजे की बात है कि ये ठगी महीने में सिर्फ 15 दिन करते थे।

ईस्ट जोन के 10 की आबादी वाली शहरों में झारखंड की राजधानी को मिला पहला स्थान

स्मार्ट सिटी अवार्ड : ईस्ट जोन में रांची नंबर 1

PHOTON NEWS RANCHI : केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 का परिणाम घोषित कर दिया है। भारत सरकार द्वारा जारी इस अवार्ड कॉन्टेस्ट में फिर से एक बार झारखंड की राजधानी रांची ने अपना परचम लहराया है। पूर्वी क्षेत्र के 10 लाख से ज्यादा आबादीवाले शहरों में रांची को नंबर वन अवार्ड से नवाजा गया है। बहुत जल्द राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होनेवाले एक बड़े कार्यक्रम में अवार्ड वितरण किया जायेगा। जिसमें रांची

स्मार्ट सिटी को भी सम्मानित किया जायेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अवार्ड की घोषणा की है। राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव एवं रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे ने नगर विकास विभाग, रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन और स्मार्ट सिटी के विकास में जुड़ी विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी है इसके साथ ही रांची की जनता को भी सहयोग के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है। विभागीय सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है।

प्रतिवर्ष होता है कॉन्टेस्ट का आयोजन

गौरतलब है कि भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से देश के 100 चुने हुए शहरों में स्मार्ट सिटी की योजना चल रही है। इन योजनाओं की प्रगति और शहरों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्य को आधार बना कर प्रतिवर्ष भारत सरकार की ओर से इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट का आयोजन किया जाता है। इस कांटेस्ट में कई बार रांची स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया गया है। इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में देश के सभी स्मार्ट सिटी ने विभिन्न कैटेगरी में नामांकन भेजा था। जिसमें रांची की ओर से भी इनोवेशन, इकोनामी, सोशल एस्पेक्ट, अर्बन मोबिलिटी, सिटी सिक्योरिटी इत्यादि क्षेत्र में नामांकन भेजा गया था।

आईआईटी मुंबई को अज्ञात शख्स ने दिया 160 करोड़ रुपये का दान

MUMBAI : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई (आईआईटी) को अज्ञात शख्स ने 160 करोड़ रुपये का दान दिया है। इस दान राशि का उपयोग ग्रीन एनर्जी एंड सस्टेनेबिलिटी रिसर्च हब की स्थापना के लिए किया जाएगा। इससे आधुनिक तकनीकों की मदद से जलवायु चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। आईआईटी मुंबई के निदेशक सुभाशिष चौधरी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह दान देने वाले शख्स ने अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं की है। अज्ञात दानदाता इसी आईआईटी का पूर्व छात्र है। चौधरी ने बताया कि आईआईटी, मुंबई भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में तीसरे स्थान पर है। वैश्विक प्रदर्शन के मामले में क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023-24 में 149वां स्थान मिला है।

चांद पर चहलकदमी कर रहा चंद्रयान-3 का प्रज्ञान

AGENCY NEW DELHI : चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने के बाद चंद्रयान-3 के रोवर प्रज्ञान की चहलकदमी शुरू हो गई है। इसरो ने लेटेस्ट अपडेट देते हुए बताया है कि रोवर अब तक चांद पर आठ मीटर की दूरी पूरी कर चुका है। रोवर से जुड़ी सभी गतिविधियों को वेरिफाई किया जा चुका है। इसरो ने शुक्रवार शाम ट्वीट करके बताया, "रोवर की सभी गतिविधियों का सत्यापन कर लिया गया है। रोवर ने लगभग 8 मीटर की दूरी सफलतापूर्वक तय कर ली है। रोवर के पेलोड एलआईबीएस और एपीएक्सएस चालू हैं।" इसरो ने चंद्रयान-3 को बुधवार शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करवाकर इतिहास रच दिया था। भारत दुनिया का पहला देश है, जोकि चांद के दक्षिणी छोर पर पहुंचा हो। वहीं, चांद पर पहुंचने वाला भारत चौथा देश है। इससे पहले, अमेरिका, चीन और सोवियत संघ चांद पर अपना यान उतार चुके हैं। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर दुनियाभर के नेताओं ने भारत और इसरो को बधाई दी है। इसके अलावा, तमाम स्पेस एजेंसियों ने भी इसरो की प्रशंसा की। चंद्रयान-3 को लेकर इसरो समय-समय पर अपडेट्स दे रहा है।

BRIEF NEWS

झामुमो बताए संथाल विल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अभी कौन-कौन डायरेक्टर हैं : बाबूलाल मरांडी

RANCHI: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को झामुमो की प्रेसवार्ता पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने कहा कि झामुमो बताए कि नवंबर 2005 में बनी संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड एक कंपनी जिसके दो डायरेक्टर उनसे जुड़े हैं। वह कंपनी आज भी मौजूद है। जमीन तथा शराब का कारोबार करती है के जिन लोगों का नाम लिया गया है, उसका एक भी कागजात झामुमो दिखा दे कि वर्तमान में वे डायरेक्टर हैं। झामुमो से अनुरोध करता हूं कि वो यह भी बताए कि वे दोनों आज के दिन किसी भी तरह से उस कंपनी से जुड़े हुए हैं। मरांडी ने अनुरोध करते कहा कि झामुमो को यह भी बताना चाहिए कि उस कंपनी में आज कौन-कौन डायरेक्टर हैं और किस किस व्यक्ति का कितना शेयर लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो खुद भी जांच करा ले तथा सार्वजनिक रूप से बताए कि उस कंपनी में कौन कौन जुड़े हुए हैं। झारखंड की जनता को आज के दिन सब कुछ आईने की तरह दिख जाएगा।

एमआरएमसीएच की दुर्दशा के खिलाफ पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी का धरना

PALAMU: मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल मेदिनीनगर की दुर्दशा के खिलाफ शुक्रवार की सुबह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी अस्पताल परिसर में ही धरना पर बैठ गए। उन्होंने अस्पताल की पूरी व्यवस्था पर सवाल उठाया और इसके लिए नीचे से लेकर ऊपर स्तर के कर्मियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ऊंची-ऊंची बिल्डिंग बना दी गई हैं लेकिन सुविधा और जिम्मेवारी नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। डॉक्टर, नर्स और चिकित्साकर्मी कोरम पूरा करते हैं। नतीजा मरीज को सुविधा नहीं मिल पाती। मरीज तड़पते रह जाते हैं। ऐसी व्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले के चैनपुर प्रखंड के चांदो के 45 वर्षीय भूपेंद्र नाथ सिंह को गुरुवार को हार्ड अटैक आया था। उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया लेकिन मरीज को रेफर कर दिया गया। परिजनों ने जब 108 पर कॉल किया तो एंबुलेंस भी नहीं आई। इससे मरीज की स्थिति बिगड़ने लगी। इसकी जानकारी पूर्व मंत्री केंद्र त्रिपाठी को गुरुवार की रात में हुई। सूचना मिलने के बाद पूर्व मंत्री कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल पहुंचे और मुख्य गेट पर धरना पर बैठ गए। उन्होंने व्यवस्था में बदलाव की मांग की। मौके पर पहुंचे सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, अस्पताल अधीक्षक डॉ आरके रंजन ने पूर्व मंत्री को भरोसा दिलाया कि लापरवाह डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद त्रिपाठी ने धरना खत्म किया।

सांसद संजय सेठ ने मां छिन्नमस्तिका मंदिर में की पूजा अर्चना

RAMGARH: रांची के सांसद संजय सेठ शुक्रवार को अपने परिवार के साथ रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। साथ ही नारियल बलि देकर रक्षा सूत्र भी बंधवाए। यहां उन्होंने माता के सामने शीश नवा कर राज्यवासियों की सलामती की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने बताया कि मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहा है। पूरे राज्य में मां छिन्नमस्तिका अपना आशीष बनाए रखती है। आज एक बार फिर यहां आकर राज्य और देश के विकास के लिए कामना मैंने की है। इसके बाद वे स्थानीय प्रशासनिक भवन पहुंचे। यहां प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र महतो ने बुके देकर उनका स्वागत किया। थोड़ी देर विश्राम के बाद वे वापस पटना लौट गए। सुरक्षा व्यवस्था में रजरप्पा थाना पुलिस सदल बल मौजूद थे।

खनन के बाद माइंस के रख-रखाव की जरूरत : राज्यपाल

PHOTON NEWS RANCHI: राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि देश के विकास के लिए औद्योगिक विकास का होना नितांत आवश्यक है लेकिन हमें यह देखना होगा कि इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। खनन किये जाने के पश्चात सुनियोजित तरीके से माइंस के रख-रखाव एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्रवाई करने की जरूरत है। राज्यपाल शुक्रवार को होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित द्वितीय झारखंड माइनिंग में बोल

रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज की दृष्टिकोण से अहम स्थान रखता है और देश के औद्योगिक विकास के क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन यहां के लोगों के जीवनस्तर में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। राज्यपाल ने कहा कि माइनिंग का स्वरूप अब लगातार बदल रहा है। पारंपरिक तरीके से की जाने वाली माइनिंग के स्थान पर अब अग्रणी तकनीक से माइनिंग करना प्रारंभ हो गया है। इस अग्रणी तकनीक में ऑटोमेशन, रोबोट, डाटा एनालिटिक्स इत्यादि का उपयोग होने से माइनिंग की क्षमता, वहां कार्य करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पर्यावरण की रक्षा पहले की अपेक्षा बेहतर तरीके से करना शुरू कर दिया गया है। इसके साथ माइनिंग के अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन पर भी जोर दिया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि माइनिंग में काम करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य की रक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। माइनिंग क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर भी ध्यान देना जरूरी है, तभी हम सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए इस समिट में गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है।

पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन के सैन्य अधिकारियों ने लगातार छह दिन तक की मैराथन वार्ता

दोनों पक्ष एलएसी के सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर शांति बनाए रखने पर हुए सहमत

- जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री मोदी ने जिनपिंग से कहा- एलएसी पर शांति से सुधरेंगे रिश्ते

AGENCY NEW DELHI: साउथ अफ्रीका में तीन दिन चले ब्रिक्स सम्मेलन के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सीधी बातचीत हुई। इधर, पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर तनाव घटाने के लिए भारत और चीन ने लगातार 6 दिन तक मेजर जनरल स्तर की मैराथन वार्ता करके गुरुवार देर रात खत्म की है। दोनों पक्ष सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। भारत और चीन के बीच 19 वें दौर की सैन्य वार्ता 13-14 अगस्त को भारतीय सीमा पर चुशुल-मोल्डो में हुई थी। साढ़े तीन साल से चल रहे गतिरोध के बीच यह बैठक सबसे ज्यादा 70 घंटे तक

चली, जिसमें कई मुद्दों पर सहमति बनती नजर आई थीं। उस समय विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि दोनों पक्षों के बीच पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर शेष मुद्दों के समाधान पर सकारात्मक, रचनात्मक और गहन चर्चा हुई। दोनों पक्ष शेष मुद्दों को शीघ्रता से हल करने और सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत की गति को बनाए रखने पर सहमत हुए। बयान में यह भी कहा गया था कि दोनों पक्ष सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। इसके बाद भारतीय और चीनी सेना ने दौलत बेग ओल्डी और चुशूल सेक्टर में एक बार फिर मेजर जनरल स्तर की वार्ता 19 अगस्त को शुरू की।

इस सैन्य बैठक को इतना गोपनीय रखा गया कि किसी को इस मैराथन कवायद की भनक तक नहीं लग सकी। दोनों देशों के बीच लगातार हुई बैठक का खुलासा गुरुवार देर रात को तब हुआ, जब भारत और चीन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने डेप्सांग और डेमचोक क्षेत्र में लंबे समय से लंबित मुद्दों को हल करने के लिए अपनी छह दिवसीय मैराथन वार्ता समाप्त कर ली। दोनों देशों के बीच मेजर जनरल स्तर की वार्ता उस दिन संपन्न हुई, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स के आखिरी दिन शिखर सम्मेलन से इतर दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सीमा मुद्दों पर वार्ता की। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने जोहान्सबर्ग में मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर अनसुलझे मुद्दों पर भारत की चिंताओं पर प्रकाश डाला।

चीनी राष्ट्रपति के सामने प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आवश्यक है। विदेश सचिव ने कहा कि इस संबंध में दोनों नेता अपने-अपने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र विघटन और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश देने पर सहमत हुए। दोनों सेनाएं अब बातचीत पर अपने वरिष्ठ नेतृत्व से निर्देश मांगेंगी और जल्द ही अंतिम निर्णय लेंगी। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने वर्तमान चीन-भारत संबंधों और साझा हित के अन्य सवालों पर स्पष्ट और गहन विचारों पर चर्चा की। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस बात पर जोर दिया कि चीन-भारत संबंधों में सुधार दोनों देशों और लोगों के साझा हितों को पूरा करता है और दुनिया और क्षेत्र की शांति, स्थिरता और विकास के लिए भी अनुकूल है। दोनों पक्षों को अपने द्विपक्षीय संबंधों के समग्र हितों को ध्यान में रखना चाहिए और सीमा मुद्दे को ठीक से संभालना चाहिए, जिससे संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र में शांति की रक्षा की जा सके।

भाजपा सरकार में लगातार हो रहा है भ्रष्टाचार : राजेश ठाकुर

प्रेस कांफ्रेस में बात करते राजेश ठाकुर व अन्य • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सीएजी रिपोर्ट के अनुसार एनडीए की सरकार में लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है। ठाकुर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएजी के रिपोर्ट से यह पदार्फाश हो चुका है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में सात बड़े घोटोले हुए हैं। इनमें भारतमाला प्रोजेक्ट की बिडिंग प्रक्रिया में फजीर्वाड़ा, द्वारका एक्सप्रेस-वे में भारी धांधली, टोल में लूट, आयुष्मान भारत योजना में मृत लोगों को जीवित दिखा कर भुगतान और एक ही नंबर से 7.5 लाख लाभार्थियों जुड़े होने का फजीर्वाड़ा, अयोध्या डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों के गल्ले में अनुचित लाभ पहुंचाने का घोटाला, टोल नियमों का उल्लंघन शामिल है। इसके अलावा एनएचआई ने गलत तरीके से यात्रियों से 133 करोड़ रुपये वसूले, एचएएल पर विमान इंजन की डिजाइन प्रोडक्शन में खामियों का गंभीर आरोप लगा है, इसमें 159 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि साथ ही सीएजी ने ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से वृद्ध, विकलांग और विधवा पेंशन योजनाओं का पैसा अन्य योजनाओं के प्रचार में खर्च करने का भी खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि अगर हां तो अब बस तुरंत मोदी उस पर ईडी की रेड करवाकर ताला लगवायें। उन्होंने कहा कि जिस झूठी ईमानदार छवि का गला फाड़ फाड़ कर प्रधानमंत्री दंभ भरते हैं, वो ध्वस्त हो चुकी है। केंद्र सरकार में घोटाले ही घोटाले हैं और अब पूरा सच देश के सामने आ रहा है। लोग केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार के बारे में बात करने लगे हैं।

पहले इंडियन बाद में ऑयल की भावना से काम करें : केंद्रीय राज्यमंत्री रामेश्वर

पेट्रोलियम राज्यमंत्री ने किया आइओसीएल के खूंटी टर्मिनल का दौरा

PHOTON NEWS KHUNTI: पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, श्रम एवं रोजगार के राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने शुक्रवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के खूंटी टर्मिनल का दौरा किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने आइओसीएल सभागार में बैठक की अध्यक्षता की और टर्मिनल के संसाधन और संचालन की समीक्षा की। उन्होंने आइओसीएल की कार्य दक्षता और पहले इंडियन फिर ऑयल की भावना के साथ कार्य करने की सराहना की। बैठक में आइओसीएल के कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख, बिहार राज्य कार्यालय संजीव कुमार चौधरी, अनुमण्डल पदाधिकारी अनिकेत सचान

कार्यक्रम में बोलते केंद्रीय राज्यमंत्री • फोटोन न्यूज

उपस्थित थे। बैठक के बाद मंत्री ने टर्मिनल परिसर में पौधा रोपण किया और टर्मिनल के उपकरणो का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री ने टर्मिनल में उपस्थित ठेका मजदूरों के साथ बात की और दस ठेका मजदूरों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया। इंडियन ऑयल खूंटी टर्मिनल एनएच-75ई पर ग्राम अनिगड़ा, खूंटी मे लगभग 31.50 एकड़ भूमि पर 2017 मे स्थापित किया गया है। अभी झारखंड राज्य के 17 जिलों को पेट्रोलियम पदार्थों की निर्बाध रूप से आपूर्ति करता है। खूंटी टर्मिनल की कुल क्षमता 68,546 किलोलिटर है। वर्तमान मे टर्मिनल में दो एटीएफ टैंक निमार्णाधीन हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने खंड-खंड में बांट दिया संगठन को : आलोक दूबे

PHOTON NEWS RANCHI: प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर 10 लोगों से दो साल बेमिसाल के नारे लगवा रहे हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश अध्यक्ष को सोते समय अपने कार्यकाल का आकलन करना चाहिए तब उन्हें समझ आएगा कि पार्टी के लिए पिछला दो साल संघर्षपूर्ण, दोषपूर्ण, असंतोष का भाव, यहां तक कि पार्टी का जनाधार भी कमजोर हुआ है। दो साल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की व्यक्तिगत हैसियत में एवं पारिवारिक सदस्यों की हैसियत में बेमिसाल बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन को खंड खंड में बांट दिया है। आलोक कुमार दूबे शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। आलोक दूबे ने कहा 22 वर्षों में पहली बार जब पार्टी

मीडिया से बात करते आलोक दूबे व अन्य • फोटोन न्यूज

सत्ता में आई है तो संगठन की भूमिका और बढ़ जाती है। जन घोषणा पत्र में जनता से किए हुए वायदे को पूरा करने की चुनौती तो दूसरी ओर सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाना और सरकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाना यही महत्वपूर्ण कार्य संगठन की होती है और इन दोनों कार्यों में प्रदेश अध्यक्ष विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जब कभी भी मुख्यमंत्री के पास जाते हैं अपने किसी स्वजातीय या रिश्तेदार के ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए जाते हैं या फिर आरपीएन सिंह के चहेते को बोर्ड या निगम में स्थान दिलाने के लिए जाते हैं। राज्य की जनता ने कभी जन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से या किसी पदाधिकारी से बात करते हुए नहीं देखा है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में गुटबाजी को बढ़ावा मिला,पूरे प्रदेश में अराजकता बढ़ी है,नाराजगी है,आक्रोश है,मारपीट हो रही है, राष्ट्रीय पदाधिकारियों के पुतले तक जलाये गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष केन्द्रीय नेतृत्व के आंखों में सिर्फ धूल झोंकने का काम करते हैं और अपनी विफलताओं को किसी दूसरे पर थोपने का काम करते हैं,अपने ही मंत्रियों को समय समय पर हटाने की धमकी देते हैं।देश में यह पहले प्रदेश अध्यक्ष होंगे जो अपने ही विधायकों को जेल भेजने का काम किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा पूरे राज्य में कहीं भी प्रदेश अध्यक्ष के दो साल कार्यकाल को लेकर उत्साह देखने को नहीं मिला। पार्टी के लिए बोझ हैं प्रदेश अध्यक्ष जो लगातार घूम घूमकर कहते फिर रहे हैं कि मैं रहूं या ना रहूं,1100 वोट लाकर एवं दूसरे पार्टी से आकर मैं प्रदेश अध्यक्ष बन गया,मंत्री का दर्जा मिल गया और अब क्या चाहिए।

कैग की रिपोर्ट पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

भाजपा सरकार में सिर्फ पूंजीपतियों और अमीरों का हो रहा विकास : शिल्पी तिर्की

PHOTON NEWS RAMGARH: कैग की रिपोर्ट पर कांग्रेस ने इस बार भाजपा सरकार को घेरा है। कैग की रिपोर्ट के आधार पर रामगढ़ में कांग्रेस की दिग्गज नेता और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। शुक्रवार को रामगढ़ पहुंची तो मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ना खाएंगे ना खाने देंगे की बात कर रही थी। लेकिन जब सच्चाई सामने आई तो पता चला कि वह खा भी रहे हैं और अपने अमीर दोस्तों को खिला भी रहे हैं। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का खुलासा कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया ने ऐसा किया है जिसे देखकर आंखें फट गई। उस रिपोर्ट के अनुसार डेटाबेस में मृतक के रूप में दर्ज 3446 रोगियों के इलाज के लिए 6.97 करोड

पत्रकारो से बात करते कांग्रेस के सदस्य • फोटोन न्यूज

रुपए आवंटित कर दिए गए। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत एक ही मोबाइल नंबर पर कई लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। 7.49 लाख लोगों को एक ही मोबाइल नंबर 9999999999 पर पंजीकृत कर दिया गया। ऐसा ही दो और नंबर भी जांच रिपोर्ट में दशार्या गया है। शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि इसी प्रकार कई राज्यों में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत 53 प्रतिशत संस्थान फर्जी पाए गए हैं। जिन्हें पिछले 5 वर्षों में 144.83 करोड रुपए दिए गए हैं। यह सारे संस्थान अस्तित्व में ही नहीं पाए गए हैं। अटल पेंशन योजना में आम नागरिकों द्वारा जमा की गई राशि का उपयोग मोदी सरकार ने अपने प्रचार प्रसार में लगा दिया। 2017 और 2021 के बीच केंद्र के सामाजिक सहायता योजना के 2103 लाभार्थियों को उनके मृत्यु के बाद पेंशन दी गई। आखिर यह सारा पैसा कहां गया? इसका पता लगाना जरूरी है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि टी बोर्ड ऑफ इंडिया को ट्राइबल सब प्लान के लिए बजट आवंटन निर्धारित करना है। जिसे केंद्रीय मंत्रालय से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए धन दिया जाना चाहिए। नीति आयोग अनुसूचित जाति उप योजना के लिए 8.3 प्रतिशत धनराशि का अनिवार्य आवंटन प्रदान करता है।

जिसमें केवल तीन प्रतिशतइस उद्देश्य के लिए निर्देशित किया गया था। अनुसूचित जनजाति उपयोजना का आवंटन निधि का 4.3प्रतिशत आवंटन होना चाहिए था। लेकिन केवल दो प्रतिशत किया गया। कैग की रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि एक लाभार्थी के खाते में 1.55 करोड रुपए पड़े थे। लेकिन उसके कंपनी अस्तित्व में ही नहीं थी। ऐसे ही घोटाले टोल प्लाजा पर भी किया गया है। केंद्र सरकार अपने किसी चाहते को लाभ पहुंचाने के लिए निमार्णाधीन सड़क पर ही टोल प्लाजा का संचालन शुरू करवा देती है। ऐसे पांच टोल प्लाजा से 132 करोड रुपए की राशि वसूली गई। सबसे बड़ी बात का खुलासा कैग ने द्वारका एक्सप्रेसवे को लेकर किया है। जब इस सड़क के निर्माण के लिए बजट तैयार किया गया था तो 18 करोड़ प्रति किलोमीटर की रकम तय की गई थी। लेकिन आज यह रकम 250 करोड़ प्रति किलोमीटर हो गई है। किसी भी योजना में 90 प्रतिशत इंक्रीमेंट किसी ने भी नहीं देखा है। केंद्र सरकार आम नागरिकों के पैसे अपने अमीर दोस्तों के बीच लूट रही है और लोगों को बेवकूफ बना रही है।

बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा से राज्य सरकार की उड़ी नींद : प्रतुल शाहदेव

प्रेस वार्ता करते प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव व अन्य • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI: भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा की नींद बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को मिल रहे अपार समर्थन से उड़ गई है। उमस भरी गर्मी हो या तेज बारिश हजारों की संख्या में लोग बाबूलाल को सुनने आ रहे हैं। साफ है कि इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। वे शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री पर जो भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाए थे, वह तीर बिल्कुल निशाने पर लगा है। तभी सरकार की ओर से आज तक किसी ने इसका खंडन नहीं किया लेकिन बाबूलाल मरांडी पर फर्जी मुकदमों की झड़ी लगा दी गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके सलाहकार इस भ्रम में है कि बाबूलाल और भाजपा के नेता ऐसे फर्जी मुकदमों से विचलित हो जाएंगे। प्रतुल ने सरकार को ललकारते हुए कहा कि वो बाबूलाल पर चार क्या 400 मुकदमे भी कर दें तो भी उनके भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम नहीं रुकने वाली है। उन्होंने कहा ऐसे भी इस सरकार ने अब तक के अपने कार्यकाल में ढाई सौ भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं पर फर्जी मुकदमे किए है, जिसमें राजद्रोह जैसे आरोप भी शामिल हैं।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से रांची में सीवरेज-DRAINAGE परियोजना की मांगी जानकारी

परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह की पीआईएल पर हुई सुनवाई

SPECIAL REPORTER RANCHI : रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के तीन फेज का निर्माण कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाना है,इसको पूरा करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है, इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दायर करें। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के कार्य के लिए डीपीआर बनाने का काम पूरा हो गया है, अब आगे की प्रक्रिया की जाएगी। वहीं रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने बताया कि जोन-वन का कार्य रांची नगर निगम कर रहा है, जिसका लगभग 78 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा कुछ और फंड रिलीज किया गया है। रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट और एनएचएआई से अभी एनओसी नहीं मिला है, एनओसी मिलते हैं कार्य तेज किया जाएगा। अभी बरसात के कारण काम में देरी हो रही है। वहीं केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार अब रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के लिए कोई राशि नहीं देगी, केंद्र ने स्कीम के तहत राज्य सरकार को 60 करोड़ रुपए दिए गए थे लेकिन राज्य सरकार की ओर से यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया गया था। शहरी विकास के मद में झारखंड को फंड देने वाली स्कीम वर्ष 2015 बंद हो चुकी है। जवाहरलाल नेहरू अर्बन मिशन स्कीम के तहत शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार का अंशदान 60% फीसदी राशि तथा राज्य सरकार का अंशदान 40% राशि दे जानी थी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

बोकारो में एप्रोच पथ के बिना ब्रिज बनाने के मामले में तीन सदस्यीय कमेटी ने सौंपी REPORT, HC ने सरकार और प्रार्थी से मांगा जवाब

RANCHI : बोकारो के चंदनक्यारी सहित अन्य ब्लॉक में खेत में नदी पर ब्रिज बनाने, उसका एप्रोच पथ नहीं होने एवं ब्रिज निर्माण के जिम्मेदार लोगों से पैसे की वसूली करने का आग्रह करने वाली रवि कुमार वर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्य वाली कमीशन की रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने मामले में प्रार्थी और राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह कमीशन की रिपोर्ट पर अपना जवाब दाखिल कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 8 सितंबर निर्धारित की है। इससे पहले कमीशन की रिपोर्ट के अवलोकन के दरमियान कोर्ट ने मौखिक कहा कि कुछ ब्रिज का कनेक्टिंग रोड पक्की सड़क के रूप में दिख रहा है। जबकि कुछ ब्रिज का अब कनेक्टिंग रोड कच्ची सड़क दिख रही है। इस पर राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने कोर्ट को बताया कि सभी ब्रिज को पक्की सड़क से जोड़ा गया है, हो सकता है वर्ष 2012-13 में बनी ये सड़क थोड़ी टूट गई हो, जिसकी मरम्मती कर दी जाएगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया गया की कई ब्रिज का कनेक्टिंग रोड नहीं है, खेत में ही ब्रिज बना दिए गए हैं। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछली सुनवाई में ब्रिज के स्थल जांच के लिए तीन अधिवक्ता की कमीशन बनाई थी, जिसे रिपोर्ट देने को कहा गया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया था कि बोकारो के चंदनक्यारी कई ब्लॉक में ऐसे पुल बने हैं जिनका कोई कनेक्टिंग रोड नहीं है। पुल बनाने में जनता की 100 करोड़ से अधिक रुपए की बबार्दी की गई है। कनेक्टिंग रोड के लिए सरकार ने कोई जमीन का अधिग्रहण नहीं की गई है और ब्रिज बना दिया गया है। प्रार्थी ने इसकी जांच करने एवं दोषी पर कार्रवाई करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

जेएससीए के पूर्व सचिव व कोषाध्यक्ष की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने जेएससीए के पूर्व सचिव राजेश वर्मा, कोषाध्यक्ष गोविंदा मुखर्जी और आजीवन सदस्य रंजीत कुमार सिंह की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। शुक्रवार को जारी किये गये आदेश में सभी अभियुक्तों को दो हफ्ते के अंदर निचली अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। जेएससीए के ये पदाधिकारी 196.23 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में अभियुक्त हैं। जेएससीए केस नंबर सीआर.एम.पी.3471/21 का झारखंड उच्च न्यायालय में जस्टिस अनिल कुमार चौधरी के कोर्ट में 11 अगस्त 2023 को सुनवाई हुई थी। अदालत ने जेएससीए पदाधिकारियों की ओर से दर्ज क्वैशिंग याचिका को निरस्त कर दिया। जेएससीए के पूर्व सचिव राजेश वर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष गोविंदा मुखर्जी एवं आजीवन सदस्य रंजीत कुमार सिंह बिष्टुपुर थाना जमशेदपुर में दर्ज 196.23 करोड़ रुपए के गबन के मामले के मुख्य आरोपी हैं। इस मामले के शिकायतकर्ता पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी उज्जवल दास हैं। इस केस में जेएससीए के अभियुक्तों के खिलाफ सौरव शेखर,अमन दयाल सिंह, अनुराग कुमार ने अपना पक्ष रखा। इस केस में अभियुक्त के पक्ष में वरीय अधिवक्ता जितेन्द्र शंकर सिंह ने बहस की।

शिबू सोरेन लोकपाल केस में एक सितंबर को होगी अगली सुनवाई

RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिबू सोरेन के अधिवक्ता की ओर से विस्तृत बहस की गई, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 1 सितंबर की डेट तय की है। पूर्व की सुनवाई में अदालत ने डीए (आय से अधिक संपति) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जिसे कोर्ट ने 1 सितंबर तक विस्तार दिया है। शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत में शिबू सोरेन की याचिका पर सुनवाई हुई। शिबू सोरेन की ओर से देश के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल पक्ष रख रही हैं। वहीं लोकपाल की ओर से रक्षक (सॉलिसिटर जेनरल ऑफ इण्डिया) तुषार मेहता पक्ष रख रहे हैं।

कोकर में हथियार के बल पर युवक से लूटपाट, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

पुलिस ने दो आरोपियों को लिया हिरासत में, थाने में हो रही पूछताछ

युवक को घेरकर लूटपाट करते चार अपराधी (लाल घेरे में) ● फोटोन न्यूज

CRIME REPORTER RANCHI : सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर के भाभा नगर में शुक्रवार की अहले सुबह चार अपराधियों ने हथियार के बल पर प्रवीण प्रसाद चौरसिया से पांच हजार रुपये, पर्स और मोबाइल लूट लिया। प्रवीण के बयान पर सदर थाना में केस हुआ है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि वह नवादा से रांची पहुंचा था। बस से उतर कर अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। तभी रास्ते में चार युवकों ने उसे पकड़ लिया और हथियार दिखाकर गोली मारने की धमकी देते हुए पैसा,पर्स और मोबाइल ले लिया। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी में घटना कैद हुई है। सदर थाना की पुलिस का कहना है कि फुटेज से अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। फुटेज में देखा जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद एक ही स्कूटी पर सवार होकर चारों अपराधी कोकर की ओर फरार हुए हैं। दो दागियों को हिरासत में लिया गया है। दोनों को फुटेज के आधार पर पकड़ा गया है। थाना में दोनों से पूछताछ की जा रही है। राजधानी में हाल के दिनों में सुबह के वक्त लगातार घटनाएं हो रही है। मार्निंग वाक पर निकलने वाली महिलाओं को टारगेट किया जा रहा है। उनके गले से चेन की छिनतई हो रही है।

चुटिया में लूटपाट के आरोप में एक युवक गिरफ्तार, गया जेल

RANCHI : चुटिया थाना की पुलिस ने लूटपाट करने के आरोप शुक्रवार को युवक सिदार्थ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में एक अन्य आरोपित निखिल को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया है। दोनों आरोपी 15 अगस्त को एक व्यक्ति के साथ लूटपाट कर रहे थे। लोगों ने निखिल को पकड़ लिया था। लेकिन सिदार्थ मौके से फरार हो गया था। दोनों आरोपित सीसीटीवी में लूटपाट करते हुए देखे गए थे।

अल्बर्ट एक्का चौक पर कल बांधी जाएगी दही-हांडी

RANCHI : श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति, रांची की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक पर 6 व 7 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव होगा। रविवार 27 अगस्त को प्रातः सात बजे समिति के संरक्षक संजय सेठ व अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित समिति के सदस्यों के नेतृत्व में जन्माष्टमी महोत्सव पर होने वाली दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता के लिए मटकी को सजाकर लटकाया जाएगा। छह सितंबर को उत्सव स्थल पर भगवान श्री कृष्ण को मोटे अनाज के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा जिसका वितरण कार्यक्रम स्थल पर किया जाएगा। भोग में मुख्य रूप से बाजरा खीर, पंजीरी, माखन मिश्री, रागी सहित मोटे अनाज होंगे। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि समिति द्वारा 11 सालों से मनाया जा रहा है। प्रथम दिन 6 सितंबर को संध्या 4:00 बजे श्री कृष्ण के बाल रूप की झांकी का उद्घाटन व बाल गोपाल प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता होगी। सात सितंबर को संध्या पांच बजे दही हांडी- फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या के साथ नृत्य नाट्य की प्रस्तुति होगी।

महिला मुक्केबाज लक्ष्मी ने झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पर लगाया आरोप

खेल सचिव को पत्र देकर कहा- जातिसूचक गाली देते हैं राजीव कुमार

महिला मुक्केबाज लक्ष्मी पाड़ेया व शिकायत पत्र ● फोटोन न्यूज

CRIME REPORTER RANCHI : अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज लक्ष्मी पाड़ेया ने झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा पर गंभीर आरोप लगाया है। सरायकेला-खरसावां के बेल्डी बस्ती निवासी लक्ष्मी वर्तमान में झारखंड पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। गुरुवार को उन्होंने खेल सचिव को शिकायत पत्र देकर मामले से अवगत कराया। शिकायत पत्र में उन्होंने लिखा है कि वे पिछले 20 वर्षों से मुक्केबाजी खेल से जुड़ी हैं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पदक जीते हैं और अपने राज्य तथा पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है। कई वर्षों से राजीव कुमार वर्मा, जो वर्तमान में झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष हैं, ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। जातिसूचक गाली देकर अपमानित किया। उनके इस व्यवहार और अपमान के कारण वे काफी मानसिक परेशानी झेल रही हैं। इस मामले को लेकर उन्होंने अनुसूचित जाति- जनजाति थाने में प्राथमिकी (संख्या 01/23, दिनांक 01.06.2023) दर्ज करवाई है। लक्ष्मी ने शिकायत पत्र में कहा है कि राजीव कुमार वर्मा की पहुंच बहुत ऊपर तक है। कई बार उच्च पदाधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब राजीव कुमार वर्मा की ओर से केस वापस लेने की धमकी भी दी जा रही है। लक्ष्मी ने शिकायत पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री चंपई सोरेन, मंत्री हफिजुल हसन, पुलिस महानिदेशक, मुख्य सचिव, खेलकूद विभाग के निदेशक, केंद्रीय सेवा समिति के अध्यक्ष एवं महासचिव को भी दी है। इस मामले को लेकर झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सिंह ने कहा कि लक्ष्मी पाड़ेया ने थाने में शिकायत की है। पुलिस को इसकी तहकीकात करने दिया जाए। अभी इस पर टिप्पणी करना सही नहीं है।

रांची विश्वविद्यालय रांची के भूगोल विभाग के तत्वावधान में संगोष्ठी का किया गया आयोजन

सफलता का राज नमन और मनन है : डॉ. जे. बी. पांडेय

संगोष्ठी के मंच पर उपस्थित अतिथि व वक्ता।

PHOTON NEWS RANCHI : रांची विश्वविद्यालय रांची के भूगोल विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को छात्र हित में 'सफलता के राज' पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप मे इस विषय पर गहन प्रकाश डाला। डॉ जे बी पाण्डेय ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवाओं के पास जोश है। बुजुर्गों के पास होश है।यदि युवा अपने जोश में बुजुर्गों के होश को मिला दें तो सफलता उनके चरण चूमेगी। अतः उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने युवाओं के प्रश्नों का समाधान करते हुए कहा कि मन को एकाग्र करने का एक अमोघ अस्त्र है-मन के पहले 'न' लगाएं शब्द बनेगा नमन। नमन से मन का अहंकार दूर होगा और मन शांत होगा। मन के पीछे 'न' लगाएं शब्द बनेगा मनन। एकाग्र होकर अध्ययन और चिंतन करें। नमन+मनन=ज्ञान की प्राप्ति=जीवन में मनोवांछित फल की प्राप्ति यानि सफलता अर्थात बल्ले बल्ले। डॉ पाण्डेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि :

सूखी उम्मीदों की कोई डाली नहीं होती,
बंद किस्मत की कोई ताली नहीं होती।
झुक जाए जो मां बाप और गुरु के चरणों में,
उसकी झोली कभी खाली नहीं होती।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही भूगोल की विभागाध्यक्षा डा शालिनी केरकेट्टा ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का संदर्भ है कि प्रो डा जे बी पाण्डेय हमारे छात्र- छात्राओं को सफलता के राज जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मंत्र दे रहे हैं। विद्यार्थियों को अपने माता पिता और गुरु की बात आंख मूंदकर मान लेनी चाहिए, इसी में उनका कल्याण है। उन्होंने रामचरित मानस के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि पिता की बात उचित अनुचित विचार किए वगैर मान लेनी चाहिए:

अनुचित उचित विचार तजि,जे मानहि पितु बैन।
ते भाजन सुख सुजश के बसहिं अमरपति ऐन।



अतिथियों का स्वागत डा अजय कुमार शर्मा ने संगोष्ठी का संचालन डा राजेश कुमार लाल ने सरस्वती वंदना डा उमेश चंद्र नाथ तिवारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डा अरुण कुमार यादव ने किया।

इस अवसर पर डा सुनील कुमार, डॉ प्रेम शंकर तिवारी डा कुन्दन कुमार आदि भी उपस्थित रहे। हाल छात्र छात्राओं से खचाखच भरा था और सभी डा पाण्डेय के सारगर्भित वक्तव्य को सुनकर अभिभूत थे।सबने संगोष्ठी की सफलता की भूरिशः प्रशंसा की। समापन राष्ट्रगान से हुआ।

कल से योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन

PHOTON NEWS RANCHI : रांची में जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 26 और 27 अगस्त को बूटी के जुमार नदी के समीप स्थित मनन विद्या स्कूल में किया जायेगा। इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रांची योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन चौथी बार जिला स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है। इस चैंपियनशिप में रांची जिले के कई स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 500 बच्चे शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, मनरखन महतो, मनोज महतो, रेखा नायडू, पतंजलि से ईश्वर चंद शामिल होंगे। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद आदित्य साहू , भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, भाजपा स्टेट कन्वेनर अमित चरण, डॉ मधुलिका वर्मा, डॉ परिणीता सिंह शामिल होंगी। इस अवसर पर सचिव संतोषी कुमारी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में कई तरह के इवेंट करवाया जा रहा है। इसमें सब जूनियर में उम्र नौ वर्ष से लेकर 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसी प्रकार जूनियर में उम्र 14 वर्ष से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सीनियर में 18 से 28 वर्ष, सीनियर ए झ 28 से 35 वर्ष तक, सीनियर बी झ 35 से 45 वर्ष तक, सीनियर झ 45 से 55 वर्ष तक को इस प्रतियोगिता में शामिल किया जा रहा है। इसमें आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर, राइथिमक योगासन पेयर, ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासन किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड, बर्थ सर्टिफिकेट और पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य होगा। इसमें रजिस्ट्रेशन शुल्क 200 रुपए रखा गया है।



BRIEF NEWS

झारखंड को मिली केरला कैडर की आईएएस रिया सिंह की सेवा

RANCHI : केरला कैडर की आईएएस अधिकारी रिया सिंह की सेवा झारखंड कैडर में ट्रांसफर कर दी गयी है। 2021 बैच की इस अधिकारी ने झारखंड कैडर के 2021 बैच के आईएएस अधिकारी सन्नी सिंह से विवाह किया है। इसी ग्राउंड पर इनका कैडर ट्रांसफर झारखंड किया गया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के अधिसूचना के बाद झारखंड सरकार इनका स्थानांतरण-पदस्थापन करेगी।

सेवानिवृत्त झाप्रसे अधिकारी रवि शंकर पर होगी विभागीय कार्रवाई

RANCHI : झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) से सेवानिवृत अधिकारी रवि शंकर पर पेंशन नियमावली के तहत विभागीय कार्रवाई होगी। उनके ऊपर संयुक्त सचिव जलसंसाधन विभाग सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार के पद पर रहते हुए गंभीर आरोप लगे थे। गुमला जिला अंतर्गत कतरी जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य से संबंधित निविदा निस्तारण, कार्य आवंटन में अनियमितता बरतने संबंधी आरोप है। पूरे मामले पर जलसंसाधन विभाग ने 10 जून, 2019 को प्रपत्र-क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। प्रथम द्रष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। राज्य सरकार ने अब उनके ऊपर विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया है। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आईएएस अधिकारी रमाकांत सिंह को बनाया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

डुमरी उप चुनाव के मद्देनजर गिरिडीह और चंदनक्यारी के सीओ के तबादले

RANCHI : मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के निर्देश पर तीन वर्ष से अधिक समय से जमे झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों का तबादला किया गया है। डुमरी उप चुनाव के मद्देनजर हुई इस कार्रवाई में बोकारो के चंदनक्यारी में अंचल अधिकारी के रूप में पदस्थापित रामा रविदास को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अंचल अधिकारी राजनगर, सरायकेला-खरसावां जिला व अंचल अधिकारी, गिरिडीह रविभूषण को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अंचल अधिकारी, चाकुलिया, पूर्वी सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

करंट से एक की मौत

RANCHI : जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र के तिलाईपीडी में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गयी। उसकी पहचान प्रहलाद महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रहलाद पेड़ पर चढ़कर डाली काट रहा था। पेड़ के ऊपर से बिजली का तार गुजरा था, जिसके संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। वह बंगाल भकुवाडीह का रहने वाला था और तिलाईपीड़ी में घर जवाई के तौर पर रह रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि करंट से एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

BRIEF NEWS

लोहरदगा में ट्रेन से कट कर युवक की मौत

LOHARDAGA: लोहरदगा रेलवे स्टेशन के आगे ट्रेन से कट कर एक व्यक्ति की मौत शुक्रवार की दोपहर हो गई। मृतक की पहचान लोहरदगा करचा टोली निवासी दिलीप उरांव के रूप में हुई है। वह मजदूरी करता था।

गोड्डा में कुएं में डूबने से किशोरी की गई जान

GODDA: जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलडीहा निवासी सिवन ततवा की 12 वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी की कुएं में डूबने से मौत हो गई।मिली जानकारी के अनुसार नीतू कुमारी घर के पीछे बकरी चराने गई थी। इसी दौरान नहर के समीप स्थित एक कुएं में पैर फिसलने से डूब गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उसे आनन-फानन में कुएं से बाहर निकालने के बाद पथरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां से डॉक्टरों ने जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन उसकी मौत हो गई। उसके परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज सही नहीं करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पथरगामा और पुलिस प्रशासन मौजूद है। मामले को शांत कराया जा रहा है।

लोहरदगा में दादी प्रकाशमणि का 16वां स्मृति दिवस मनाया गया

LOHARDAGA: प्रजापिता ब्रह्माकुमारी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र नदिया लोहरदगा में संस्थान के मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि का 16वां स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दादी के फोटो पर माल्यार्पण कर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और महिला थाना प्रभारी लोहरदगा किरण पंडित एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने किया। संस्था की संचालिका आशा बहन ने राजयोगिनी दादी के जीवनी पर प्रकाश डाला। जिप अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि दादी जी की स्मृति से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम सभी आपस में मिलजुल कर रहे हैं। महिला थाना प्रभारी किरण पंडित ने कहा कि हमारे अंदर आत्मज्ञान की जागृति होगी तो हम भ्रष्टाचार और बुराइयों से अपने को सुरक्षित कर पाएंगे। जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने कहा कि हम इन दादियों से प्रेरणा लेते हैं। अपने जीवन में शांति की अनुभूति करते हैं और समाज में सेवा करने की शक्ति मिलती है।

देवघर श्रावणी मेले में तैनात पुलिसकर्मियों की छुट्टी स्थगित

DEOGHAR: जिले में राजकीय श्रावणी मेले में तैनात पुलिसकर्मियों की अगले आदेश तक के लिए सभी प्रकार की छुट्टी स्थगित कर दी गई है। देवघर एसपी ने शुक्रवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि मलमास की समाप्ति के बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलार्पण के लिए काफी भीड़ होने की संभावना है। इसको देखते हुए सभी प्रकार के अवकाश को अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है। सभी ओपी, टीओपी, थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। आदेश में कहा गया है कि श्रावणी मेले के दौरान प्रायः देखा गया कि पुलिसकर्मी बिना नेम प्लेट के डयूटी में रहते हैं। इसलिए सभी ओपी, टीओपी एवं क्यूआरटी प्रभारी को आदेश दिया जाता है कि डयूटी के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी नेम प्लेट निश्चित रूप से लगायेंगे। डयूटी के दौरान बिना नेम प्लेट के पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

बिहार क्लब में 27 को होगी दुर्गा पूजा समिति की बैठक

RANCHI: रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति से संबंधित सभी पूजा समितियों की बैठक 27 अगस्त को बिहार क्लब में होगी। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू ने शुक्रवार को बताया कि सभी समितियों से अपील की गयी है कि वह स- समय बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन की चर्चा में भाग ले।

धनबाद : जानलेवा हमला के दो आरोपियों को दस वर्ष की कैद

दस हजार रुपये मांगी थी रंगदारी, विरोध करने पर तलवार से किया था घायल



PHOTON NEWS DHANBAD: जानलेवा हमला करने के चर्चित मामले में आज 25 अगस्त को धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने नामजद आरोपी झरिया निवासी मीर जावेद एवं विट्ठल भुईया को दस वर्ष की कैद एवं पांच हजार रुपये जुमार्ना की सजा दी है। प्राथमिकी झरिया निवासी रिन्टू देवी की शिकायत पर चंदन धिकार, महेश यादव, विठ्ठल भुईयां, रवि धिकार, मीर जावेद के खिलाफ 15 सितंबर 21 को दर्ज की गई थी।

प्राथमिकी के मुताबिक 12 सितंबर 21 को उपरोक्त लोग हरवे हथियार से लैस होकर दोपहर 12 बजे उसके पति ओमप्रकाश सिंह की दुकान में गए और दस हजार रुपये रंगदारी की मांग करने लगे। विरोध करने पर मीर जावेद ने तलवार से ओमप्रकाश सिंह पर हमला कर दिया, जिससे वह गिर गया। पत्नी बचाने गई तो उसके साथ छेड़खानी की कोशिश की गई। जब उसका पुत्र बचाने गया तो विट्ठल भुईयां ने उसका हाथ रड मार कर तोड़ दिया। महेश यादव व एक अन्य व्यक्ति ने उसके भतीजे पर हमला कर दिया। सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। अनुसंधान के बाद पुलिस ने सभी के विरुद्ध 21 नवंबर 21 को आपोप पत्र दायर किया था। 25 मार्च 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अपर लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने कुल आठ गवाहों का परीक्षण कराया था। सुनवाई के दौरान आरोपी चंदन धिकार, महेश यादव, रवि धिक्कार फरार हो गए, जिनका केस अलग कर इन दोनों पर मुकदमा चलाया गया।

मटकुरिया गोलीकांड में दो गवाहों का बयान दर्ज

DHANBAD: मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंह, मन्नान मल्लिक, व अन्य हाजिर नहीं थे। अभियोजन ने गवाह पुलिस महेश्वर व सुनील कुमार महथा को पेश किया, जिसने घटना का समर्थन किया। बचाव पक्ष की ओर से वरीय अधिवक्ता समर श्रीवास्तव, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, अरूण सिंह ने प्रति परीक्षण किया, जबकि अभियोजन का संचालन अपर लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया।

रिश्वत लेते धराए दरोगा की जमानत अर्जी खारिज

DHANBAD: डायरी मैनेज करने के एवज में सुधीर साव से दस हजार रुपये लेते रंगे हाथ पकड़े गए महिला थाना के एएसआई सतेंद्र पासवान की जमानत अर्जी एसीबी के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत ने खारिज कर दीय प्राथमिकी सुधीर की शिकायत पर निगरानी थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक एएसआई सत्येंद्र ने डायरी मैनेज करने के एवज में सुधीर से दस हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत पर एसीबी ने जाल बिछाया और 8 जून 23 को सत्येंद्र को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया था।

पुलिस ने चतरा में गोलीकांड के आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रेस कांफ्रेस में जानकारी देते एसडीपीओ अविनाश कुमार ● फोटोन न्यूज

PHTON NEWS CHATRA: सदर थाना क्षेत्र के राजगुरुवा गांव में 21 अगस्त को हुए महेंद्र गंझू गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सदर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा और घायल युवक के शरीर से निकला बुलेट भी बरामद किया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि विगत 21 अगस्त को राजगुरुवा गांव निवासी महेंद्र गंझू को गोली मारी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस को घायल युवक ने बताया कि गांव के ही गणेश गंझू ने उसे गोली मारी है। घायल युवक को सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके पैर में लगी गोली को निकाल दिया। एसडीपीओ ने बताया कि घायल युवक के फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपित को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक ने अवैध हथियार से छेड़छाड़ के दौरान फायरिंग की बात स्वीकारी है।

दंपत्ति से लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

PHOTON NEWS GIRIDI: नगर थाना पुलिस ने गिरिडीह के तिसरी - गांवा के सीमावर्ती इलाके से बैंक से नकद राशि की निकासी कर घर वापस लोटरहे दंपती से एक लाख 40 हजार लुटने वाले गिरोह के एक अपराधी मनीष यादव को दबोचा है। गिरफ्तार अपराधी के पास से एक हथियार बरामद किया गया है। हालांकि इसकी पुष्टि अभी तक किसी अधिकारी ने नहीं की है। लेकिन गिरफ्तार अपराधी मनीष यादव के फोटो जारी हुई है। नगर थाना पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अपराधी मनीष यादव कोढ़ा गिरोह से जुड़ा हुआ है। इसी गिरोह के मनीष यादव ने अपने साथियों के साथ पिछले सप्ताह कोडरमा - मरकच्चो के दंपती से गिरिडीह के मकतपुर एसबीआई बैंक शाखा में रेकी करते हुए दंपती को शहर के नटराज चौक में एक लाख 40 हजार लूट की घटना को अंजाम दिया था। माना जारहा है कि काफी प्रयास के बाद पुलिस ने इसे एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर तिसरी गांवा के सीमावर्ती इलाका से हथियार के साथ दबोचा है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधी मनीष यादव के निशानदेही पर नगर थाना पुलिस के अधिकारी एसआई प्रशांत कुमार फिलहाल गांवा थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर है।

ऑटो पलटने से दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल

BERMO : गोमिया प्रखंड के ललपनिया घाटी में 25 अगस्त को ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो महिलाएं घायल हो गई। घायल महिलाओं का गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि पचमो पंचायत के सरैयापानी गांव से लगभग नौ व्यक्ति एक ओटो में सवार होकर तेनुघाट स्थित धनंजय करमाली के घर दशकर्म पर जा रहे थे कि ललपनिया के समीप घुमावदार घाटी में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें ऑटो में सवार सोहरी देवी 45 वर्ष व मांगो देवी 47 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने 108 एम्बुलेंस से दोनों घायलों को गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज जारी है।

लातेहार में युवक की गोली मारकर हत्या

PHOTON NEWS LATEHAR: जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाटोली जमुवारी गांव में गुरुवार की रात अज्ञात अपराधियों ने प्रदुमन यादव (30) की हत्या गोली मारकर कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। हालांकि अपराधियों ने युवक की हत्या क्यों की इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है।

मृतक के पिता सहंगू यादव ने बताया कि रात वे लोग अपने घर में थे। एक रिश्तेदार का फोन आया था और घर के लोग उनसे बात कर रहे थे। प्रदुमन भी फोन लेकर उनसे बात करने लगा और टहलते टहलते घर से बाहर निकल गया। इसी दौरान अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई पड़ी। घर के लोग दौड़कर बाहर निकले तो देखा कि प्रदुमन जमीन पर गिरकर छटपटा रहा है। अंधेरा होने के कारण कुछ पता ही नहीं चल पा रहा था। हालांकि इस दौरान कुछ लोगों के भागने की आवाज भी सुनाई पड़ी। जब तक कुछ समझ पाते तब तक प्रदुमन की मौत हो गई थी।

उन्होंने बताया कि प्रदुमन की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। वह वन विभाग में छोटा-मोटा काम करता था। इसके अलावा टेंपो भी चलता था।

इधर इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का अनुसंधान करते हुए पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया जाएगा।

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा रामगढ़ का टूटी झरना मंदिर

निरीक्षण के दौरान डीसी ने मांडू सीओ को दी हिदायत, बंद हो सरकारी जमीनों का अतिक्रमण

PHOTON NEWS RAMGARH: टूटी झरना मंदिर को अब पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। डीसी चंदन कुमार शुक्रवार को यहां पहुंचे और उन्होंने प्रकृति की वादी में बसे इस स्थल से देश दुनिया के लोगों को अवगत कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पूरे इलाके को विकसित किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने मंदिर परिसर को अतिक्रमण से बचाने के उद्देश्य से चार दिवारी का कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं सहित अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की। मंदिर परिसर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के उद्देश्य से कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी गोपनीय शाखा विशाल कुमार को मंदिर परिसर के समीप विभिन्न प्रकार के मेलों के आयोजन व अन्य पर्यटन संभावित कार्यों को लेकर योजना बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एसडीएम जावेद हुसैन को विवाह के सीजन व विशेष अवसरों पर मंदिर परिसर में अस्थाई रूप से दुकानें स्थापित कर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही विवाह भवन, प्रशासनिक भवन आदि का जायजा लिया। मंदिर में साफ सफाई बनाए रखने, मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता से सुनिश्चित करने सहित मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी मांडू को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सरकारी जमीनों पर किसी भी परिस्थिति में कोई अतिक्रमण ना हो। इस दौरान कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, मांडू बीडीओ, सीओ, प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, नगर प्रबंधक नगर परिषद सहित अन्य उपस्थित थे।

साड़म में सात दिवसीय गणेश महोत्सव का होगा आयोजन

BERMO: गोमिया प्रखंड के साड़म के सन्तोषी मंदिर के निकट होसिर साड़म मंदिर प्रबंध समिति की बैठक 25 अगस्त को पूर्व विधायक माधव लाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी सात दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 18 सितंबर से शुरू होगा। महोत्सव के दौरान मीना बाजार सहित मनोरंजन के अन्य साधन भी उपलब्ध रहेंगे, वहीं 5 दिन विद्वान पंडितों के प्रवचन का कार्यक्रम होगा। स्थानीय जागरण टीम भक्ति जागरण प्रस्तुत करेगी। बैठक में मुखिया शोभा देवी, सावित्री देवी, प्रकाश लाल सिंह, रामलखन प्रसाद, अजित सहाय, सनत प्रसाद, जयप्रकाश तिवारी, डीएन तिवारी, केदारनाथ पांडा, रमेश चौधरी, जगदीश सिंह, बलराम पासवान आदि मौजूद थे।

कसमार में जेबीकेएसएस की बैठक में प्रखंड कमेटी बनाने का निर्णय

हर पंचायत से दो-दो सदस्यो का नाम किया शामिल

PHOTON NEWS BOKARO: झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक की 25 अगस्त को दुगार्पुर के मुखिया अमरेश कुमार महतो की अध्यक्षता में मंगलचडी परिसर में हुई। बैठक में पंचायत व प्रखंड स्तरीय संचालन समिति के संदर्भ में वार्ता हुई। बैठक में हर पंचायत से दो-दो सदस्यों का नाम समिति के सदस्य के रूप में चयन किया गया। चयनित सदस्य अपने पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन करेंगे जिसमें महिला कमेटी, युवा कमेटी व कार्यकारिणी सदस्य बना कर समिति का विस्तार करेंगे। बैठक में पर्यवेक्षक विजय कुमार सिंह, कमलेश महतो, अर्जुन रजवार, उत्पल मंडल व अनवर अंसारी मौजूद थे। बैठक में भुवनेश्वर महतो, सुखदेव राम, गया राम, धनेश्वर महतो, सृष्टिधर महतो, नंदकिशोर महतो, योगेंद्र मरांडी, जितेंद्र मुंडा, सुजीत कुमार, सुबोध कुमार, भुवनेश्वर कछुआर, अनंत कुमार, प्रकाश कुमार, बलदेव कुमार, मानिक कुमार, ओम प्रकाश, अमित कुमार, गयाराम यादव आदि उपस्थित थे।

बैठक में मौजूद लोग ● फोटोन न्यूज

उद्घाटन के बाद बसाया गया था 120 दुकानदारों को, अब बचे हैं मात्र 10

नगर निगम के वेंडिंग जोन में दुकानों की जगह रह गए सिर्फ चबूतरे

- ग्राहकों की बेरुखी से दुकानदार पलायन को विवश
- नो वेंडिंग जोन में दुकानों पर कोई कार्रवाई नहीं
- बनियाहीर की तरह कोहिनूर मैदान भी हो जाएगा उजाड़

खाली पड़ी वेंडिंग जोन की दुकानें ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS DHANBAD: नगर निगम द्वारा एक करोड़ 88 लाख की लागत से निर्मित वेंडिंग जोन में सिर्फ चबूतरे ही दिख रहे हैं। कोहिनूर मैदान में नगर निगम द्वारा बनाए गए वेंडिंग जोन से दुकानदार नदारद हैं। फुटपाथ दुकानदार सिर्फ 10 ही बच गए हैं। जो बचे हैं वह भी सिर्फ अपनी जमानत राशि बचा रहे हैं। बड़े तामझाम के साथ सांसद पी एन सिंह से इस वेंडिंग जोन का उद्घाटन कराया गया था। उद्घाटन के बाद नो वेंडिंग में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर निगम ने 100 से 120 दुकानदारों को बसाया था। उनमें अब सिर्फ दस ही बचे हैं। निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान भी सुस्त पड़ गया है, तो वहीं फुटपाथ दुकानदार भी वेंडिंग जोन से नो वेंडिंग जोन में शिफ्ट कर गए हैं।

वेंडिंग जोन के उद्घाटन के तीन महीने बीत गए। मगर ग्राहकों का आना शुरू नहीं हुआ। दुकानदारों को बोहनी तक के लाले पड़े हुए थे। जब ग्राहकों के इंतजार की इंतहा हो गई तो वे पलायन को मजबूर हो गए।

वेंडिंग जोन में ग्राहकों के न जाने का मुख्य कारण नो वेंडिंग जोन में लगने वाली दुकानें हैं। ग्राहकों को जब सड़क किनारे ही सामान मिल जा रहा है तो नो वेंडिंग जोन में जाने की जहमत कोई नहीं उठाना चाहता। वहीं नो वेंडिंग जोन में नगर निगम की कार्रवाई भी काफी दिनों से बंद है। में सड़क के दोनों किनारे दुकानें लगाई जा रही हैं नगर निगम की जुमार्ना लगाने की चेतावनी भी हवा हवाई साबित हुई। चेतावनी के दो महीने बाद भी नो वेंडिंग जोन में दुकान लगाने पर किसी पर जुमार्ना नहीं लगाया गया है। लाखों लगा कर झरिया के बनियाहीर में बने वेंडिंग जोन में एक भी फुटपाथ दुकानदार को बसाया नहीं जा सका। शहर के बीचों बीच बने कोहिनूर मैदान वेंडिंग जोन का हाल भी बनियाहीर की तरह हो जाए तो आश्चर्य नहीं।नगर निगम ने नो वेंडिंग जोन में लगने वाली दुकानों पर सख्ती नही दिखाई तो करोडों से निर्मित इस वेंडिंग जोन को उजाड़ते देर न लगेगी।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

नगर प्रबंधक सुमित तिग्गा कुछ दिनों पहले तक मुहर्रम का बहाना बनाते रहे कि वेंडिंग जोन में काफी संख्या में मुस्लिम दुकानदार हैं। कहते हैं कि मुहर्रम के कारण अभी दुकान नहीं लगा रहे हैं तो वहीं अब सावन का राग अलापने लगे हैं। उन्होंने बताया कि सावन के कारण दुकानें नहीं लग रही हैं। सावन के बाद कार्रवाई करते हुए सभी को वेंडिंग जोन में लाया जाएगा।

भूली में दुकान की करकट शीट उखाड़ चार लाख की संपत्ति ले उड़े चोर

भुक्तभोगी दुकानदार ने पुलिस को दी सूचना

चोरी के बाद दुकान में भुक्तभोगी दुकानदार व अन्य ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS DHANBAD: श्रमिक नगरी भूली के बुधनी हटिया स्थित एमपीआई हॉल से सटे हरि हार्डवेयर में गुरुवार 24 अगस्त की रात अपराधियों ने करकट शीट उखाड़ कर लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। दुकान के मालिक हरि दांगी में बताया कि रात करीब 9:30 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह लगभग 8 बजे दुकान खोलकर अंदर घुसा तो देखा कि एमपीआई की दीवार की तरफ करकट शीट उखड़ा हुआ है और दुकान का सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। कई सामान की चोरी हो गई है। उन्होंने तत्काल भूली पुलिस एवं स्थानीय पूर्व पार्षद अशोक यादव को सूचना दी। उन्होंने बताया कि चोरों ने दुकान के बक्से में रखे पचास हजार नगद समेत पीतल, कासा एवं स्टील के बर्तन, पेंट, डिस्टेंपर, फेविकोल, कांटी, तार, गैता, पलंबर का सामान आदि की चोरी कर ली है। दुकानदार के मुताबिक चोरों ने करीब चार लाख की संपत्ति पर हाथ साफ किया है।

BRIEF NEWS

पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू के 22 संदिग्ध व 10 पॉजिटिव मरीज मिले

JAMSHEDPUR : जिले में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को डेंगू के 22 संदिग्ध व 10 पाजिटिव मिले। ये मरीज बिष्टुपुर, साकची, कदमा, मानगो, पटमदा सहित अन्य क्षेत्रों के रहने वाले हैं। इन मरीजों का इलाज शहर के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। इसमें टाटा मुख्य अस्पताल, टिनप्लेट, टाटा मोटर्स, मर्सी सहित अन्य अस्पताल शामिल हैं। वहीं, संदिग्ध मरीजों में चाकुलिया क्षेत्र के अधिक रहने वाले हैं। जिला सर्विलांस विभाग ने इन मरीजों का नमूना लेकर जांच के लिए महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कालेज के लैब भेजा है। रिपोर्ट शनिवार तक आने की उम्मीद है। जिले में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 262 हो गई है। जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डा. असद ने बताया कि डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। मरीजों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। अगर किसी भी व्यक्ति में इसके लक्षण सामने आए तो उसकी जांच कराएं।

आंगन में पेड़ पर लटकता मिला अधेड़ का शव

JAMSHEDPUR : परसुडीह थाना अंतर्गत गायत्री मंदिर के पास रहने वाले 54 वर्षीय एमजी राजन का शव उनके घर के आंगन में लगे आम के पेड़ से लटका पाया गया। देर रात राजन की भाभी जब जागी तो उन्होंने शव को पेड़ से लटकता पाया। शुक्रवार सुबह पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि राजन गोल पहाड़ी के पास स्थित यूनाइटेड इंजीनियरिंग कंपनी में काम करते थे। वह रात को काम कर वापस लौटे और खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए। देर रात जब भाभी जागी तो उनका शव फंदे से लटका पाया। राजन ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी परिजन नहीं दे पा रहे हैं।

मानगो में मिला कदमा खरकई नदी में डूबे किशोर का शव

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 5 के पास खरकई नदी में डूबे 7 वर्षीय किशोर लक्ष्मण मछुआ का शव मानगो गौड बस्ती के पास स्वर्णरेखा नदी से बरामद किया गया। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस दी। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। लक्ष्मण कदमा जयप्रकाश नगर का रहने वाला था और गुरुवार को नहाने के क्रम में नदी में डूब गया था। स्थानीय मछुआरों की मदद से उसकी काफी खोजबीन की गई पर कोई जानकारी नहीं मिली। सुबह मानगो में लक्ष्मण का शव बरामद किया गया। फिलहाल शव को नदी से निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन ने छात्रा को दिया राशि व प्रमाणपत्र

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर के राजा नरपत सिंह बालिका उच्च विद्यालय की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के विद्यालय टॉपर सलोनी गोप को क्रेडिट एक्सिस इंडिया फाउंडेशन ने नगद व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। शुक्रवार को आयोजित समारोह में फाउंडेशन के सीईओ सतीश राव एवं जोनल मैनेजर ने सलोनी गोप की आगे की पढ़ाई के लिए 15000 रुपए और प्रमाणपत्र दिया। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य व सलोनी की माता ज्योत्स्ना गोप ने हर्ष व्यक्त किया। सलोनी गोप ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय और अपने परिवार को दिया। साथ ही क्रेडिड एक्सिस इंडिया फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। सलोनी ने कहा कि इस सम्मान से वह काफी खुश है और भविष्य में भी मेहनत कर अच्छे अंक से परीक्षा में उत्तीर्ण होगी। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद थीं।

लूट की योजना बना रहे पांच ARREST, हथियार बरामद

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : मानगो पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मानगो पुलिस ने लूट की योजना बना रहे पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में बागबेड़ा कॉलोनी निवासी अमन पाठक, बागबेड़ा रामनगर निवासी अंकित कुमार शर्मा उर्फ जादू, मानगो टीचर्स कॉलोनी निवासी विशाल कुमार उर्फ राहुल कुमार तिवारी उर्फ छेछे, अनुराग जयसवाल उर्फ बूढ़ा और रॉनित सिंह उर्फ रॉनी शामिल है। अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, तीन देसी कट्टा, तीन जिंदा गोली, दो खोखा, एक स्कूटी और एक बाइक बरामद किया है।

प्रेस कांफ्रेंस में उपस्थित एसएसपी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

सभी आरोपियों का है अपराधिक रिकॉर्ड : जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि मानगो पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टीचर्स कॉलोनी मैदान में कुछ अपराधी जमा हुए है जो किसी अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना पाकर पुलिस ने छापेमारी की और आरोपियों को धर दबोचा। तलाशी लेने पर अमन पाठक के पास से एक देशी पिस्टल और एक लोडेड मैग्जीन, अंकित के पास से एक देशी कट्टा और एक गोली, विशाल के पास से एक देशी कट्टा और अनुराग के पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि पकड़ाए सभी अपराधियों का अपराधिक रिकॉर्ड रहा है। अमन पाठक ने बुधवार देर रात ही बागबेड़ा में गोली चलाई थी। बागबेड़ा पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

चोरी के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

JAMSHEDPUR : बिरसानगर और गोविंदपुर थाना क्षेत्र में चोरी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी आकाश गोप के घर पुलिस ने शुक्रवार को इश्तेहार चस्पा किया। पुलिस बिरसानगर जोन नंबर तीन स्थित आकाश गोप के घर ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंची और उसके घर के बाहर इश्तेहार चस्पा करने की कार्रवाई पूरी की। साथ ही आस-पास के क्षेत्रों में भी इश्तेहार चस्पा किया। जानकारी देते हुए बिरसानगर थाना प्रभारी विवेक माथुरी ने बताया कि आकाश गोप एक शातिर चोर है। आकाश ने बिरसानगर और गोविंदपुर थाना क्षेत्र में कई चोरी की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल उसपर चार चोरी के मामले दर्ज है। उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था। उसके घर पर इश्तेहार चस्पा गया है। अगर वह एक माह के अंदर सरेंडर नहीं करता तो पुलिस उसके घर की कुर्की जब्ती करेगी।

घपले-घोटाले पर प्रधानमंत्री ने साध रखी है चुप्पी : गीता कोड़ा

मीडिया को संबोधित करती सांसद गीता कोड़ा। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : कैग की रिपोर्ट में मोदी सरकार में हुए घपला-घोटाले का खुलासे होने पर शुक्रवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। सांसद सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा के द्वारा काला बैनर लगाकर इस मुद्दे पर प्रेस वार्ता की। जिसमें उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के नाक के नीचे भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन सरकार पूरी तरह से मौन है। प्रधानमंत्री भी चुप्पी नहीं तोड़ रहे। सांसद ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है वहां ईडी और इनकम टैक्स के माध्यम से सरकारों को परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है। सदन में विपक्षी सांसदों को बोलते नहीं दिया जाता है, माइक बंद कर दिया जाता है। अब जब कैग की रिपोर्ट से भ्रष्टाचार की पुष्टि हो चुकी है तो प्रधानमंत्री भी चुप्पी साधे हुए हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास एवं जिला प्रवक्ता जितेंद्र नाथ ओझा भी मौजूद थे।

वीमेंस यूनिवर्सिटी के चुनावी साक्षरता क्लब ने चुनावी जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

लोगों के पास अच्छे नेताओं को चुनने की शक्ति : सोनाली सिंह

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : वीमेंस यूनिवर्सिटी के चुनावी साक्षरता क्लब ने ऑडियो विजुअल रूम में शुक्रवार को 'चुनावी जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत यूनिवर्सिटी प्रतिनिधि डीएसडब्ल्यू डॉ. किश्वर आरा के औपचारिक स्वागत के साथ हुई। चुनावी साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. सोनाली सिंह ने प्रारंभिक संबोधन किया, जहां उन्होंने मतदान के महत्व के बारे में चर्चा की और बताया कि कैसे लोगों के पास अपने हित के नेताओं को चुनने की शक्ति है। उनके द्वारा जिन विभिन्न तरह के सार्वजनिक हितों पर चर्चा की गई। इसदौरान बताया गया कि मतदान लोगों को उन निर्णयों में अपनी बात रखने का अधिकार देता है जो उनके जीवन को प्रभावित करते हैं, मतदान हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, जब लोग वोट नहीं देते हैं, तो वे प्रभावी रूप से खुद को चुप करा रहे हैं और वोट देने वालों को सत्ता सौंप देते हैं, मतदान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे निर्वाचित अधिकारियों को एक संदेश भेजता है कि हमें इसकी परवाह है कि हमारे देश में क्या हो रहा है और हम उन मुद्दो पर ध्यान दे रहे हैं जो हमारे लिए मायने रखते हैं आदि।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारतीय चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तुत एक नाटक था जिसके माध्यम से सभी को चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने के लिए समझाने की कोशिश की गई। चुनाव आयोग की ओर से कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्राओं को पुरस्कार भी बांटे गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन क्लब के सदस्य एवं प्राध्यापक श्री अमित गुंजन ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न विभागों की छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में बीबीए विभाग की छात्राओं और विशेषकर, क्लब की कैंपस एंबेसडर पूर्णिमा कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज में सफाई नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी

PHOTON NEWS CHAIBASA : जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज का परिसर झाड़ियों से भर गया है। समय-समय पर साफ सफाई नहीं होने से कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल के पास बने शौचालय तक पहुंचने के लिए विद्यार्थियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शौचालय के बाहर लगे पेवर्स ब्लॉक के ऊपर झाड़ियां उग आई है। विद्यार्थियों ने कई बार इसकी शिकायत कॉलेज प्रशासन से की लेकिन इस पर कोई पहल नहीं की गई। इसके अलावा प्रशासनिक भवन से लेकर ऑडिटोरियम हॉल तक जाने का रास्ता भी झाड़ियों से भर गया है, इससे सांप-बिच्छू काटने का डर अक्सर बना रहता है। विद्यार्थियों की कक्षाएं ऑडिटोरियम हॉल में चलती है, जिसके कारण वहां अधिक संख्या में विद्यार्थियों का आवागमन होता है। यदि सफाई नहीं होती है तो कभी भी विद्यार्थियों को नुकसान हो सकता है। कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था है, लेकिन देखरेख के अभाव में कई नल खराब हो चुके है। जबकि कुछ नल में धीरे-धीरे पानी रिस रहा है। इससे पानी की बबार्दी भी हो रही है।

शौचालय के आसपास उगी झाडियां। ● फोटोन न्यूज

कॉलेज के प्रिंसिपल सफाई पर गंभीर नहीं : छात्र प्रतिनिधि

जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज में सफाई को लेकर यहां के प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार सिंह ही गंभीर नहीं हैं। लापरवाही की वजह से स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। विद्यार्थियों की ओर लगातार समस्या उठाये के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। विश्वविद्यालय की ओर से सही मॉनिटरिंग नहीं करने का आरोप छात्र प्रतिनिधियों ने लगाया है। कॉलेज के छात्र प्रतिनिधि अनीश कुमार गोप ने कहा कि सफाई के नाम पर यह कॉलेज जीरो है। कॉलेज में स्थिति सुधारने को लेकर लगातार पत्राचार किया जाता रहा है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि कंटीन्जेंसीज पैसा आने के बावजूद भी इसका इस्तेमाल सफाई के लिए नहीं होता है, जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण विषय है। उन्होंने इसे लेकर आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने की बात कही।

TSUISL की 20वीं वर्षगांठ पर हुआ लोगो का अनावरण

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टीएसयूआइएसएल) की 20वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को जुस्को गोलचक्कर के निकट मुख्य अतिथि टाटा स्टील के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने कंपनी के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर टीएसयूआइएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, जुस्को कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

लोगो के अनावरण के दौरान उपस्थित चाणक्य चौधरी एवं अन्य। ● फोटोन न्यूज

मौके पर चाणक्य चौधरी ने कहा कि जमशेदपुर 100 वर्ष से अधिक पुराना शहर है। शहर की नागरिक सुविधाएं टीएसयूआइएसएल द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। टीएसयूआइएसएल द्वारा लागातर नागरिक सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है। जिसका असर हमारे जीवन स्तर पड़ता है। शहर का वातावरण बढ़िया हो, आस पास हरियाली हो, साफ-सफाई हो तो इसका सीधा प्रभाव हमारे सोच एवं कार्य करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि हम नागरिक सुविधाओं को लेकर निश्चित रहते है तो यह सीधे तौर पर हमारे कार्य क्षमता को बढ़ाता है।

को-ऑपरेटिव कॉलेज में यूजी के 13 विषयों में ADMISSION के लिए आवेदन 28 तक

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में विभागों में स्नातक (यूजी) कक्षाओं में एडमिशन के लिए अब भी आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए एक बार पुनः चांसलर पोर्टल खोला गया है। पोर्टल पर इच्छुक विद्यार्थी 28 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज की ओर से बताया गया है कि कुल 13 विषयों में एडमिशन के लिए चांसलर पोर्टल खोला गया है। इसमें कॉमर्स, उर्दू, फिजिक्स, केमिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, फिलॉस्पी, मैथेमेट्क्स, इकोनॉमिक्स, साइकोलॉजी, जूलॉजी, इंग्लिश, बॉटनी और सांख्यिकी शामिल है। बताया गया है कि इस सूचना के तहत आवेदन करने वाले विद्यार्थियों का रिक्त सीटों के विरुद्ध पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। इस अवधि में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की सूची जारी नहीं की जाएगी। अतः आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र की प्रिन्ट कॉपी एवं आवश्यक कागजातों के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष से सम्पर्क कर नामांकन प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

कॉलेज की ओर से बताया गया है कि सीट भर जाने और नामांकन अवधि के समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार से नामांकन के लिए दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा। पूर्व में इतिहास और हिन्दी विषय में नामांकन के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थी यदि सीट भर जाने के कारण नामांकन से वंचित रह गए हैं तो वे उक्त में किसी दूसरे विषय में नामांकन लें सकते हैं, लेकिन उनको चांसलर पोर्टल पर इच्छित विषय के लिए पुनः आवेदन करना होगा। नामांकन के लिए जरूरी कागजात और नामांकन प्रक्रिया पूर्व सूचना के अनुसार यथावत रहेगी। सूचना कॉलेज की वेबसाइट www.cooperativecollegejsr.ac.in पर उपलब्ध है।

XITE COLLEGE में कॉमर्स विभाग के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

छात्रों को मिली इन्कम टैक्स ई-रीटर्न फाइलिंग की जानकारी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के गम्हरिया स्थित एक्सआईटीई कॉलेज में कॉमर्स विभाग के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय था-इन्कम टैक्स ई-रीटर्न फाइलिंग। कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हुई। इसमें कॉलेज के 37 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को इन्कम टैक्स और ई-रीटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया से अवगत कराना था। कार्यशाला में कॉलेज के शिक्षक प्रो शैलेश सिंह एवं प्रो प्रमोद कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने छात्र-छात्राओं को ई-रीटर्न के लिए एकाउंट बनाने, व्यक्तिगत सूचना का संपादन, डिडक्शन की गणना, टैक्स रीइंबर्समेंट के लिए क्लेम करने आदि की जानकारी दी। कार्यशाला में कॉलेज की कॉमर्स विभाग को-ऑर्डिनेटर प्रो सुष्मिता चौधुरी सेन, प्रो पार्थ प्रिया दास ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला की सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ ईए एसजे ने सबों को बधाई दी। साथ छात्र-छात्राओं को कार्यशाला में हासिल जानकारियों को उपयोग में लाने की सीख दे। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य उपस्थित थे।

वीमेंस यूनिवर्सिटी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता के दिशा-निर्देश पर यूनिवर्सिटी में वार्षिक खेलकूद कैलेन्डर के तहत यह आयोजन किया गया। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर को मिलाकर कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। सरस्वती कुमारी, गायत्री कुमारी, उर्वशी कुमारी पान, अंकिता गोराई, आरती कुमारी, अंशिका बजाज, प्रियांशु कुमारी, भबानी माली, कोमल पंडित, रितिका कुमारी, स्नेहा कुमारी और खुशी कुमारी की टीम वॉलीबाल में विजयी घोषित हुईं। यही टीम भविष्य में अंतर विश्विद्यालयी या उच्च स्तर की वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेगी।

इस प्रतियोगिता में रजिस्ट्रार डॉ राजेंद्र जयसवाल, एफओ डॉ जावेद अहमद और प्रॉक्टर डॉ सुधीर कुमार साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। टीम चयन के लिए खेल विशेषज्ञ राकेश महतो एवं अनंत संतरा शामिल हुए। इनके चयन में क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ सनातन दीप, सदस्य प्राध्यापिका आर तेजा एवं प्राध्यापिका शांति मुक्ति बारला की विशेष भूमिका रही।

दो दिनों से लापता सेल्समैन का शव पार्वती घाट के पास से बरामद

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जुगसलाई थाना अंतर्गत पार्वती घाट के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। इधर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान जुगसलाई नया बाजार निवासी 40 वर्षीय हेमंत शर्मा के रूप में की गई। हेमंत विगत 23 अगस्त से घर से लापता था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

हेमंत शर्मा की फाइल फोटो।

परिजनों ने पुलिस को दी थी सूचना : हेमंत के लापता होने की सूचना परिजनों ने गुरुवार को ही थाने में दी थी। हेमंत शर्मा सेल्समैन का काम करता था और 23 अगस्त की दोपहर अपनी मोटरसाइकिल से दोपहर के वक्त खाना खाकर निकलने के बाद घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने इस संबंध में काफी खोजबीन की पर हेमंत का कहीं पता नहीं चल पाया। जानकारी देते हुए मृतक के भतीजे केशव शर्मा ने बताया कि हेमंत पर कुछ लोन था जिसकी वजह से कई दिनों से वे डिप्रेशन में रह रहे थे।

दुनिया में चर्चा

आज पूरी दुनिया में चंद्रयान-3 की सफलता चर्चा में है, तो कोई आश्चर्य नहीं। प्रतिक्रियाओं पर गौर करने से साफ पता चल जाता है कि कौन खुश है और कौन नाखुश। वैसे, दुनिया के ज्यादातर लोग आज खुश हैं कि इंसान का बनाया एक यान चांद पर एक दुर्लभ जगह पहली बार उतरा है। अंतरिक्ष विज्ञान में सफलतम देश अमेरिका में भारत की तारीफ हो रही है। जो अमेरिकी अखबार कभी भारत के अंतरिक्ष अभियानों का मजाक उड़ाया करते थे, वे भी तारीफों के पुल बांधते दिख रहे हैं। ये अखबार शायद अब भारत को देखने की अपनी दृष्टि में बदलाव लाने के लिए प्रेरित होंगे। कोई शक नहीं, अमेरिकी नेताओं ने खुलकर खुशी का इजहार किया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भी बधाई खास मायने रखती है। रूसी विमान लूना-25 दुर्भाग्य से अभी पांच दिन पहले ही नाकाम हुआ है, उसके बावजूद पुतिन ने आगे बढ़कर बधाई दी है। भारत कुछ पल के लिए ही सही, अपने मित्र देश रूस के राष्ट्राध्यक्ष का ध्यान युद्ध से हटाने में कामयाब हुआ है। किसी चीनी नेता से बयान की उम्मीद नहीं थी और चीनी अखबार भी खामोशी ओढ़े बैठे हैं, तो उनकी मजबूरी को समझा जा सकता है। दूसरी ओर, पाकिस्तान में खुशी जता रहे लोगों और अखबारों पर अनायास ध्यान जाता है। पाकिस्तान ने हमसे आठ साल पहले अपनी अंतरिक्ष विज्ञान एजेंसी सुपार्को की स्थापना की थी, पर वह संकीर्णता और मजहबी कट्टरता की सेवा में लगकर पिछड़ गया। अब भारत की हो रही प्रशंसा से भी पाकिस्तान को सकारात्मक प्रेरणा लेनी चाहिए। मानवीय वैज्ञानिक विकास में ही दक्षिण एशिया और दुनिया की खूबसूरती है। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ अंतरिक्ष विज्ञान संस्था नासा की प्रतिक्रिया भी यादगार है। नासा के प्रमुख ने खुलकर खुशी व गर्व का इजहार किया है। स्पष्ट है कि आने वाले दिन इसरो और नासा के बीच सहयोग के होंगे। सबसे बड़ी बात कि भारत ने दुनिया को सकारात्मक सोच का अवसर दिया है। सकारात्मक दृष्टि रखने वाले अरब देशों में भी खुशी की लहर है। विशेष रूप से चंद्र अभियान के लिए प्रयासरत संयुक्त अरब अमीरात की खुशी दर्ज करने लायक है। ऐसे बहुत देश हैं, जो भारत के साथ अंतरिक्ष के मोर्चे पर सहयोग बढ़ाएंगे, पर स्वयं अपने देश में क्या प्रतिक्रिया है? बहुत से नेताओं को चंद्रयान के विषय में सही सूचना नहीं थी, अतः गलत या अनुचित प्रतिक्रियाएं भी आई हैं। कुल मिलाकर, देश में विज्ञान के लिए बेहतर व व्यापक माहौल बनाने की जरूरत फिर सामने आई है, जिस पर सभी को गौर करना चाहिए। हमारे लिए चंद्रयान-3 की सफलता गहरी भावुकता का अवसर भी है। हमारे देश ने अतीत में कितना और क्या-क्या झेला है? कोई भी बड़ी सफलता पीछे पलटकर विफलताओं की भी याद दिलाती है। गौर कीजिए, बीबीसी के एक एंकर का पुराना सवाल फिर चर्चा में आ गया कि क्या भारत को अंतरिक्ष कार्यक्रम पर इतना पैसा खर्च करने की जरूरत है? मतलब, जिस देश में गरीब भी रहते हों, क्या उसे वैज्ञानिक विकास पर ध्यान नहीं देना चाहिए?

पाक में खत्म होते अल्पसंख्यक

विश्व में कई प्रगतिशील देश अपने समाज में विविधताओं से भरे धार्मिक एवं सांस्कृतिक विचारों का सम्मान करते हैं तथा सभी पंथों और विचारों को बराबर देखते हैं। इसके विपरीत पाकिस्तान में वहां के मुट्ठी भर अल्पसंख्यकों के प्रति द्वेष, घृणा एवं दमन की भावना निरंतर बढ़ रही है। वहां एक बार फिर इस्लाम के विरुद्ध ईशनिंदा के आरोप में ईसाई समुदाय के साथ घृणित व्यवहार देखने को मिला। ईसाई समुदाय के दो युवकों पर ईशनिंदा का झूठा आरोप लगाकर फैसलाबाद में तमाम गिरजाघरों और ईसाइयों के घरों में तोड़-फोड़ और आगजनी की गई। ईसाइयों के खिलाफ भड़की हिंसा ने दिल दहला दिया। यह बहुत निराशाजनक है कि पाकिस्तान में ईशनिंदा के झूठे आरोपों के कारण निर्दोष अल्पसंख्यकों को उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है और कभी-कभी तो उनकी जान भी ले ली जाती है। दशकों से हम यह देख रहे हैं कि पाकिस्तान में उग्र भीड़ कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए ईशनिंदा के आरोपित व्यक्ति अथवा समुदाय को खुद ही निशाना बनाने में जुट जाती है। आसिया बीबी (आसिया नोरेन) का मामला ऐसे मामलों का सबसे चर्चित प्रकरण रहा। ईसाई महिला आसिया बीबी को न केवल जेल जाने के साथ कष्टमय जीवन जीना पड़ा, बल्कि उनके समर्थन में आए एक नेता सलमान तासीर की हत्या कर दी गई और वह भी उनके सुरक्षाकर्मी द्वारा। सलमान तासीर के हत्यारे को जब फांसी दी गई तो उसके जनाजे में हजारों लोग उमड़े। पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में अल्पसंख्यकों को सताने के हाल में सैकड़ों मामले आए हैं। ईशनिंदा के आरोपों के बहाने वहां अल्पसंख्यकों का निरंतर दमन हो रहा है। सबसे ज्यादा निराशाजनक बात यह है कि पाकिस्तान सरकार इन घटनाओं की केवल निंदा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। इसका कारण यह है कि करीब 97 प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाला यह देश अपने यहां के अल्पसंख्यकों को निचले दर्जे का नागरिक मानता है, अन्यथा वह कानून हाथ में लेने वालों को अवश्य ही कठोर दंड का भागीदार बनाता। वास्तव में इस्लामी सिद्धांतों की मनमानी व्याख्या ने इस गलत अवधारणा को बढ़ावा दिया है कि इस्लाम गैर-मुसलमानों के प्रति शत्रुता को बढ़ावा देता है। इस्लाम अन्य विचारधाराओं के प्रति शत्रुता की वकालत नहीं करता।

चित्तौड़ की रानी पद्मावती का जौहर कैसे कोई भूल सकता है

ANALYSIS

✍ रमेश शर्मा

जौहर की स्थिति तब बनती थी जब पराजय और समर्पण के अतिरिक्त सारे मार्ग बंद हो जाते थे । जौहर के सर्वाधिक प्रसंग राजस्थान के हैं। वहां कोई भी ऐसी रियासत नहीं जहां जौहर न हुआ हो । चित्तौड़ में सबसे पहला और सबसे बड़ा जौहर रानी पद्मावती का ही माना जाता है । रानी पद्मावती सिंहल द्वीप की राजकुमारी थीं। उनका मूल नाम पद्मिनी था जो विवाह के बाद पद्मावती हुआ। सिंहलद्वीप का नाम अब श्रीलंका है । उनके पिता राजा चन्द्रसेन सिंहलद्वीप के शासक थे। उन्होंने अपनी बेटी पद्मिनी के विवाह के लिये स्वयंवर का आयोजन किया। यह समाचार पूरे भारत में आया। चित्तौड़ के राजा रतन सिंह भी स्वयंवर में भाग लेने सिंहलद्वीप पहुंचे। वहां पद्मिनी से विवाह के इच्छुक राजाओं की बल बुद्धि और कौशल की परीक्षा के लिये वन में आखेट की एक स्पर्धा आयोजित की गई। जो राजा रतन सिंह ने जीती और राजकुमारी पद्मिनी से उनका विवाह हुआ । राजकुमारी पद्मिनी महारानी पद्मावती बनकर चितौड़ आ गईं। उनके रूप गुण और राजा रतनसिंह के कौशल की चर्चा दूर-दूर तक हुई। यह दिल्ली के शासक अलाउद्दीन खिलजी तक भी पहुंची। दिल्ली सल्तनत के दो हमले चित्तौड़ पर हो चुके थे पर सफलता नहीं मिली थी। बल्कि गुजरात जाती दिल्ली सल्तनत की फौज से अपने क्षेत्र से होकर निकलने के लिए कर भी वसूला था।

अपने स्वत्व और स्वाभिमान रक्षा के लिए क्षत्राणियों की अगुवाई में स्त्री-बच्चों द्वारा स्वयं को अग्नि में समर्पित कर देने का इतिहास केवल भारत में मिलता है। इनमें सबसे अधिक शौर्य और मार्मिक प्रसंग है चित्तौड़ की रानी पद्मावती के जौहर का। इसका उल्लेख प्रत्येक इतिहासकार ने किया है। इस इतिहास प्रसिद्ध जौहर पर सीरियल भी बने और फिल्में भी बनीं। राजस्थान की लोकगाथाओं में सर्वाधिक उल्लेख इसी जौहर का है। जौहर के विवरण भारत की अधिकांश रियासतों के इतिहास में मिलता है । जौहर की स्थिति तब बनती थी जब पराजय और समर्पण के अतिरिक्त सारे मार्ग बंद हो जाते थे । जौहर के सर्वाधिक प्रसंग राजस्थान के हैं। वहां कोई भी ऐसी रियासत नहीं जहां जौहर न हुआ हो । चित्तौड़ में सबसे पहला और सबसे बड़ा जौहर रानी पद्मावती का ही माना जाता है । रानी पद्मावती सिंहल द्वीप की राजकुमारी थीं। उनका मूल नाम पद्मिनी था जो विवाह के बाद पद्मावती हुआ। सिंहलद्वीप का नाम अब श्रीलंका है । उनके पिता राजा चन्द्रसेन सिंहलद्वीप के शासक थे। उन्होंने अपनी बेटी पद्मिनी के विवाह के लिये स्वयंवर का आयोजन किया। यह समाचार पूरे भारत में आया। चित्तौड़ के राजा रतन सिंह भी स्वयंवर में भाग लेने सिंहलद्वीप पहुंचे। वहां पद्मिनी से विवाह के इच्छुक राजाओं की बल बुद्धि और कौशल की परीक्षा के लिये वन में आखेट की एक स्पर्धा आयोजित की गई। जो राजा रतन सिंह ने जीती और राजकुमारी पद्मिनी से उनका विवाह हुआ । राजकुमारी पद्मिनी महारानी पद्मावती बनकर चितौड़ आ गईं। उनके रूप गुण और राजा रतनसिंह के कौशल की चर्चा दूर-दूर तक हुई। यह दिल्ली के शासक

अलाउद्दीन खिलजी तक भी पहुंची। दिल्ली सल्तनत के दो हमले चित्तौड़ पर हो चुके थे पर सफलता नहीं मिली थी। बल्कि गुजरात जाती दिल्ली सल्तनत की फौज से अपने क्षेत्र से होकर निकलने के लिए कर भी वसूला था। किन्तु गागरौन की सहायता के लिये चित्तौड़ की सेना गई थी जिससे शक्ति में कुछ गिरावट आई और दिल्ली ने तोपखाने की वृद्धि कर अपनी शक्ति बढ़ा ली थी। स्थिति का आकलन करके दिल्ली की फौजों ने चित्तौड़ पर हमला बोला। लगभग एक माह तक घेरा पड़ा रहा। किन्तु सफलता नहीं मिली। अंततः अलाउद्दीन खिलजी ने एक कुटिल चाल चली । कुछ भेंट के साथ समझौता प्रस्ताव भेजा और आग्रह किया कि रानी पद्मावती का चेहरा एक बार देखकर लौट जाएगा। राजा ने प्रस्ताव मान लिया। सुल्तान अपने कुछ विश्वस्त सहयोगियों के साथ भोजन पर आया । उसने आईने में रानी को देखा और चलने लगा। राजा शिष्टाचार के तहत किले के द्वार तक छोड़ने आए । सुल्तान अलाउद्दीन बहुत कुटिल था। वह किले में भीतर जाते समय द्वार पर कुछ सुरक्षा सैनिक छोड़ गया था। उसके इरादों की किसी को भनक तक न थी । जैसे ही राजा द्वार पर आए उनपर हमला हुआ और बंदी बना लिए गए । बंदी बनाकर सुल्तान अपने शिविर में ले आया । और रानी को समर्पण करने का प्रस्ताव भेजा । रानी ने सभासदों से परामर्श किया। गोरा और बादल जो रिश्ते में राजा भतीजे थे ने संघर्ष का बीड़ा उठाया। राजा को मुक्त कराने की योजना बनी। योजनानुसार सुल्तान को समाचार भेजा कि रानी अपनी सखी-सहेलियों और सेविकाओं के साथ समर्पण करने आना चाहतीं हैं। रानी पद्मावती को प्राप्त करने को आतुर अलाउद्दीन ने सहमति दे दी। तैयारी की सूचना भी सुल्तान को मिली। और रानी की ओर से यह आग्रह भी किया गया कि वह अंतिम बार राजा से मिलना चाहतीं है अतैव राजा के बंदी शिविर से होकर सुल्तान के दरबार में हाजिर होंगी। यह सहमति भी मिल गई। चित्तौड़ में दो सौ डोले तैयार हुए ।कहीं-कहीं डोलों की यह संख्या 800 भी लिखी है । कुछ में तो दिखावे के लिए महालाएं थीं पर अधिकांश में लड़ाके नौजवान थे जो अपने राजा को कैद से छुड़ाने का संकल्प लेकर जा रहे थे। अंततः शिविर के कैदखाने के समीप जैसे ही ये डोले पहुंचे सभी सैनिक डोले पालकी से बाहर आए । यह छापामार लड़ाई थी जो गोरा बादल के नेतृत्व में लड़ी गई । किसी को अपने प्राणों का मोह न था बस राजा को मुक्त कराने का संकल्प था । इन सभी का बलिदान हो गया पर राजा मुक्त होकर सुरक्षित किले में पहुंच गए । यह 22 अगस्त, 1303 का दिन था । राजा मुक्त होकर किले में आ तो गये थे । पर किले में राशन और सैन्य शक्ति दोनों का संकट था। सेना के अधिकांश प्रमुख सरदार राजा को मुक्त कराने की छापामार लड़ाई में बलिदान हो गये थे । इस घटना से बौखलाए अलाउद्दीन खिलजी का तोपखाना गरजने लगा। अंततः रानी द्वारा जौहर और राजा रतनसिंह द्वारा शाका करने का निर्णय हुआ । 25 अगस्त, 1303 से जौहर की तैयारी आरंभ हुई और रात को ज्वाला धधक उठी । पूरी रात किले के भीतर की सभी स्त्रियों ने अपने छोटे बच्चों को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश कर लिया । 26 अगस्त के सूर्योदय तक किले के भीतर सभी नारियां अपने छोटे बच्चों को लेकर अग्नि में समा गईं इनकी संख्या सोलह हजार बताई जाती है । 26 अगस्त को ही किले के द्वार खोल दिए गए । जितने सैनिक किले में थे, वे सब राजा रतनसिंह के नेतृत्व में केशरिया पगड़ी बांधकर निकल पड़े। भीषण युद्ध हुआ पर यह युद्ध दिन के तीसरे तक ही चल पाया । राजा रतनसिंह का बलिदान हो गया । इस प्रकार 26 अगस्त को राजा ने अपने स्वत्व और स्वाभिमान रक्षा के लिए अंतिम श्वांस तक युद्ध किया। वहीं रानी पद्मावती ने सोलह हजार स्त्री और बच्चों के साथ स्वयं को अग्नि में समर्पित कर दिया । इसके बाद अलाउद्दीन खिलजी किले में घुसा उसे चारों ओर जलती अग्नि और राख के ढेर मिले । उसने किले में कत्लेआम का आदेश दिया। अलाउद्दीन खिलजी के इस अभियान का वर्णन अमीर खुसरो की रचना ह्यखजाईन-उल-फुतूहह्ण (तारीखे अलाई) में मिलता है । इस विवरण के अनुसार खिलजी की फौज ने एक ही दिन में लगभग 30,000 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था । अलाउद्दीन खिलजी ने अपने बेटे खिज्र खां को चित्तौड़ का शासक नियुक्त किया और चित्तौड़ नाम ह्यखिज्राबादह्ण कर दिया था। रानी पद्मावती का जौहर स्थल आज भी चित्तौड़ में स्थित है। वहां लोग जाते हैं। श्रृद्धा से शीश झुकाते हैं तथा रानी को सती देवी मानकर अपनी इच्छापूर्ति की प्रार्थना करते हैं।

लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

'चंद्र'यान-3... अब शोध हो महीन

भारत के चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया के वैज्ञानिकों को अचंभित कर दिया है। सारे देश में खुशी का माहौल है। होना भी चाहिए। यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। मेरा मानना है कि अब इस पर विशद शोध शुरू होना चाहिए कि आमजन के जीवन पर इसका प्रभाव कैसा, क्या और कितना पड़ेगा ? यह महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाक्रम है। यूं चंद्र उपग्रह है, मगर उसे ज्योतिष में पूर्णग्रह माना जाता है। संतोषजनक रहा कि यह यान चांद पर विशाखा नक्षत्र में स्थापित हुआ था, जो सर्वाधिक शुभ माना जाता है। चंद्रमा तो मन का कारक भी है। यह शोध इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि यूपी के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार (आईपीएस-1988) ने गत सप्ताह (21 अगस्त 2023) ने चंद्रकलाओं के आधार पर पुलिस की तैनाती का उल्लेख किया था। पंचांग के महत्व को उकेरा था। उनके शब्दों में-'अधीनस्थ अधिकारियों को हिंदू पंचांग के आधार पर चंद्रमा की गतिविधि के हिसाब से तैनाती का आदेश दिया है। साथ ही लोगों को भी इसी आधार पर सतर्क रहने की सलाह दी है।' चंद्रमा के प्रभाव की चर्चा पहले इस्लाम और चांद पर कर लें। रेडियो खबर के अनुसार यूपी के सभी विद्यालयों को निर्देश था कि चंद्रयान को छात्रों को दिखाया जाए। उनका ज्ञानवर्धन हो सके। इसमें करीब दस हजार मदरसा के तालिबे-इल्म भी शरीक थे। आम धारणा यह है कि इन मदरसों से ज्यादा ध्यान मजहबी शिक्षा को दी जाती है। अतः उन सबको चांद के भिन्न आकारों का भी सम्यक ज्ञान भी मिले। मसलन हिलाल अर्थात धनुषाकार चंद्र। इस्लाम के अनुसार चंद्रमा को पैगंबर ने विभाजित किया था। इस पर भी अन्य नए सिलेबस में विस्तार से अध्ययन हो। हिंदू छात्रों को चंद्रयान पर खास विश्लेषण करना होगा। चंद्रयान ने नया आयाम ही जोड़ दिया। अर्थात ग्रहण कब, कैसे और क्यों पड़ता है ? इस पर अधिक अध्ययन हो। अब केवल चांद पर झंडा गाड़ने अथवा झंडे पर चांद फहराने मात्र से अध्ययन खत्म नहीं होगा। पंडितों को तो खास कर तार्किकता सिद्ध करनी ही है कि चंद्रमा नहीं दिखता है (कृष्ण पक्ष)। अतः उस दौरान कोई भी शुभ कार्य करना उचित क्यों नहीं होता है। दरअसल इसके पीछे ज्योतिष में चंद्रमा की घटती हुई कलाएं होती हैं। इसी भांति शुक्ल पक्ष है जो अमावस्या और पूर्णिमा के दरम्यान आता है। चांद तब चमकने लगता है। पूर्णिमा के दिन बहुत बड़ा होता है। बलशाली होकर अपने पूरे आकार में रहता है। यही कारण है कि शुभ काम करने के लिए इस पक्ष को उपयुक्त माना जाता है। सनातनी हिन्दू तो प्रत्येक खगोलीय घटना का पौराणिक कारण खोज लेता है। जैसे कृष्ण और शुक्ल पक्ष क्यों पड़ते हैं ? एक कथा के अनुसार उन आदित्य वर्ग के देवता दक्ष प्रजापति के बारे में स्वयं पुराण में एक प्रसंग है। उनकी 27 बेटियां थीं। इन सभी का विवाह चंद्रमा से किया गया। ये वास्तव में 27 नक्षत्र थी। चंद्रमा सभी में सबसे ज्यादा रोहिणी से प्रेम करते थे। बाकी सभी से हमेशा रूखा व्यवहार करते थे। ऐसे में बाकी सभी ने चंद्रमा की शिकायत अपने पिता से की। राजा दक्ष ने चंद्रमा को डांटा और कहा कि सभी के साथ समान व्यवहार करें। इसके बाद भी चंद्रमा का रोहिणी के प्रति प्यार कम नहीं हुआ। इस बात को लेकर दक्ष प्रजापति गुस्से में आकर चंद्रमा को क्षय रोग का शाप दे देते हैं। इसी शाप के चलते चंद्रमा का तेज धीरे-धीरे मध्यम होता गया। तभी से कृष्ण पक्ष की शुरूआत मानी गई। दक्ष प्रजापति के शाप के कारण क्षय रोग से चंद्रमा का तेज कम होता गया और उनका अंत करीब आने लगा। तब चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना की और शिवजी प्रसन्न होकर चंद्रमा को अपनी जटा में धारण कर लिया। शिवजी के प्रताप से चंद्रमा का तेज फिर से लौटने लगा और उन्हें जीवनदान मिला। दक्ष के शाप को रोका नहीं जा सकता था। ऐसे में शाप में संशोधन करते हुए चंद्रमा को हर 15-15 दिनों में कृष्ण और शुक्ल पक्ष में जाना पड़ता है। इससे शुल्ल पक्ष की शुरूआत हुई। सुरक्षा जगत में समाज शास्त्रीय और अपराध-विज्ञान की दृष्टि से चंद्रमा और फौजदारी वाले जुर्म के संबंध पर विचार करें। जैसे डीजीपी विजय कुमार ने पत्रकारों को बताया था कि पुलिस अधिकारियों को प्रेषित परिपत्र में उन्होंने कहा-'कैसे चंद्रमा की कलाओं के आधार पर तैनाती करें।' वे बोले- 'चंद्रमा की कलाओं को जानने के लिए सबसे आसान तरीका हिंदू पंचांग है। इससे पता चलता है कि किस तारीख को चंद्रमा कितने बजे उगता और अस्त होता है। रात कब आंशिक रूप से और कब बिल्कुल अंधेरी होती है। लोगों को यह जानना चाहिए ताकि वे सतर्क रहें। पुलिस को भी यह जानना चाहिए ताकि वह उसे समय सबसे ज्यादा मुस्तैद रहें।' इसी संदर्भ में नृशास्त्रीय अध्ययन से ज्ञात होता है कि पारदी तथा बावरिया गैंग पेशेवर अपराधी हैं, मगर ईशभक्त भी। जैसे बावरिया गिरोह के ये जनजातीय लुटेरे अमावस्या की रात में वारदात को अंजाम देते हैं। पारदी गैंग भी हर डकैती के पूर्व देवालय जाते हैं। मंदिरों के निकट मुखबिरी ठीक से हो तो उन्हें पकड़ा जा सकता है। यूं भी बड़े अपराधी, खासकर डकैत तो बहुधा मुहूर्त देखकर काम करते हैं। एक खबर महाराष्ट्र से थी। पुणे जिले के बारामती में बदमाशों ने ज्योतिष सलाह के बाद एक करोड़ रुपये से अधिक की डकैती की। भविष्यवक्ता रामचंद्र चावा से उन्होंने शुभ समय की सलाह ली थी। पुलिस ने ज्योतिषी समेत छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। अर्थात ज्योतिष का दुतरफा उपयोग होता है। पुलिस भी यदि पारंगत होती तो कामयाब हो सकती है। डीजीपी विजय कुमार इंजीनियर (सिविल बी-टेक) ज्ञानी हैं। अतः उनसे अपेक्षा है कि वैज्ञानिक आधार पर वे ज्योतिष का प्रयोग करेंगे। फिलवक्त चंद्रमा पर ही सम्पूर्ण आस्था नहीं रख सकते जैसे कवि विलियम शेक्सपियर ने जूलियट से रोमियो को कहलवाया था- 'चांद की कसम मत खाओ।

Social Media Corner

सच के हक में...

एथेंस में राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू से मिलकर खुशी हुई। हमने कई मुद्दों पर चर्चा की जो भारत-ग्रीस दोस्ती को मजबूत करेंगे। हमने सतत विकास को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत को बधाई दी।



(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)

स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आज झारखण्ड ने ऐतिहासिक शुरूआत की है। देश का पहला हाइड्रोजन इंजन संयंत्र राज्य के जमशेदपुर में स्थापित होने जा रहा है। इस अवसर पर मैं टाटा मोटर्स और टाटा कम्मिन्स तथा झारखण्ड सरकार के उद्योग विभाग के अधिकारियों को अनेक-अनेक बधाई देते हुए जोहार करता हूं। आज का दिन सिर्फ झारखण्ड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)

शिकारीपाड़ा विधानसभा जाने के क्रम में पताबाड़ी में आदिवासी बहनों ने पारंपरिक संथाली रीति-रिवाज से स्वागत किया ।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)

वैश्वीकरण और 21वीं सदी का भारत

पुरातनकाल से भारत का समस्त विश्व के लिए कुटुंब भाव के सामने वैश्वीकरण कोई भिन्न विषय नहीं है। तथापि भारत में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा सर्वदा आदरणीय रही है। वैश्वीकरण के तमाम फायदों के बावजूद इसके अपनाने को लेकर प्रश्नचिह्न लगते आए हैं। अंतर यह कि वसुधैव कुटुंब में परिवार व विनय का भाव है, लेकिन वैश्वीकरण व्यापार और विनिमय की परिधि में घिर जाता है। फिर प्रश्न उठता है कि हम किस सीमा तक वैश्वीकरण से आच्छादित रहें और वैश्वीकरण के प्रवाह में बहें। इस संदर्भ में संयुक्त अरब अमीरात का उदाहरण प्रासंगिक है। यहां लगभग 200 देशों के लोग रहते हैं। वे यहां विश्वभर में आई नई तकनीक, वस्तुओं और सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, इसके बाद भी वे अपनी मौलिकता, पहनावा और भाषा इत्यादि को अक्षुण्ण बनाकर रखते हैं, यह अनुकरणीय हो सकता है। वैश्वीकरण का पर्याय भौगोलिक सीमाओं से बिना छेड़छाड़ किए अन्य सभी दीवारों को ध्वस्त होना है। अतः इसका प्रभाव हमारे जीवन के हरेक क्षेत्रों में होना स्वाभाविक है। कुछ अच्छे और कुछ बुरे, जो भी हों, यह तय है कि यह हमारी मानसिकता पर निर्भर है कि हम अपने में क्या बदलाव लाते हैं। भारत जैसे देश में वैश्वीकरण के घोर निंदक भी इसके आर्थिक लाभ की प्रशंसा ही करेंगे, जो प्रतिवर्ष करोड़ों लोगों को समृद्धि के मार्ग पर आगे ले जा रहा है। भारत की युवा जनसंख्या, पढ़ने लिखने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि, कंपिटिटिव वेज जहां विकसित देशों से उन्नत तकनीक को अपने यहां आमंत्रित करता है, वहीं इसके विकास और प्रसार के लिए अपना बाजार उसे एक आधार के रूप में भेंट देता है। इससे और अधिक प्रगति होती है तथा उपभोक्ता बाजार और बड़ा होता जाता है। विकसित देशों का स्किल भारत जैसे के विकासशील देशों में स्केल का स्वरूप ले लेता है। भारत का विश्व अर्थव्यवस्था से इंटीग्रेट करने का जो दौर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिम्हा राव के काल में प्रारंभ हुआ था, वह आज भी अच्छी गति में अनवरत चल रहा है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पिछले दिनों अमेरिका के दौरे पर वहां किन-किन व्यापारिक हस्तियों से मिले या स्वदेश लौटने के बाद किनसे मिले हैं, हमें इसका आभास देता है। परिणाम हमारे सामने है। भारत की आर्थिक दर में निरंतर वृद्धि, विदेशी निवेश में प्रतिवर्ष नया कीर्तमान और भारत का एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उदय होना, इस सबसे संकेत मिलता है कि अल्प समय में ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। सकल घरेलू उत्पाद में अगले कुछ वर्षों में सात ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा। अगले 25 से 30 वर्षों तक यह क्रम चलता रहेगा। संभव है कि उसके बाद पर्यावरण की चुनौती और प्रबल होगी तथा पूरा विश्व अधिक जोर से एकजुट होगा। सतत विकास एक नारा नहीं बल्कि विवशता होगी। प्रकृति के दोहन को न्यूनतम करने की मांग बढ़ेगी और उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद पर बल दिया जाएगा। 21वीं सदी के उत्तरार्द्ध में अर्थव्यवस्था को ही नहीं पूरी व्यवस्था को मापने के नये मापदंड होंगे। वैश्वीकरण के अगले दौर में योग और प्रिय होगा। अभी योग का प्रसार कहीं न कहीं शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के उद्देश्य से ही अभ्यास होता है। हम एक सोपान और चढ़ेंगे। विश्व को योगेश्वर के संदेश व्यवाहारिक लगेंगे। जहां इंद्रियों का शमन व मन का दमन पर जोर दिया गया है। एक ओर विश्व में भौतिकतावाद में ह्रास की शुरूआत होगी तो दूसरी उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद की ओर ट्रांसफारमेशन की शुरूआत होगी। शाकाहारिता प्रबल होगी, उसके महत्व को लोग समझेंगे। सबसे बड़े गोमांस निर्यात देशों में से एक ब्राजील में शाकाहारियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS

खनिज की दृष्टि से समृद्ध होते हुए भी अपना राज्य पिछड़ा क्यों है। यह सवाल समय-समय पर उठता रहता है। इसमें कोई शक नहीं कि झारखंड खनिज की दृष्टिकोण से अहम स्थान रखता है और देश के औद्योगिक विकास के क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। दूसरा सच यह भी है कि यहां के लोगों के जीवनस्तर में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। देश के विकास के लिए औद्योगिक विकास का होना नितांत आवश्यक है, लेकिन हमें यह देखना होगा कि इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। खनन किये जाने के पश्चात सुनियोजित तरीके से माइंस के रखरखाव एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर काम करना होगा। अब तो ऐसी तकनीक भी विकसित हो चुकी है जिससे दुनिया के कई देश मरुस्थल को उर्वरक बनाते हुए उसमें खेती कर रहे हैं। ऐसे मेंहम बंद पड़े अनुपयोगी खदानों का यथोचित उपयोग क्यूं नहीं कर सकते हैं? माइनिंग का स्वरूप अब लगातार बदल रहा है। पारंपरिक तरीके से की जाने वाली माइनिंग के स्थान पर अब अग्रणी तकनीक से माइनिंग की जा रही है। इस अग्रणी तकनीक में ऑटोमेशन, रोबोट, डाटा एनालिटिक्स इत्यादि का उपयोग होने से माइनिंग की क्षमता, वहां कार्य करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पर्यावरण की रक्षा पहले की अपेक्षा बेहतर तरीके से हो रही है। माइनिंग के अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन पर भी जोर दिया जा रहा है। हमें संवेदनशील होकर नवीनतम उन्नत तकनीकी का प्रयोग करते हुये उत्खनन करना पड़ेगा और पर्यावरण का भी ध्यान रखना पड़ेगा। यह भी ध्यान रहे कि भारत में वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा गया है।

प्रभात भूषण, कांके विधायक प्रतिनिधि।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

सड़क दुर्घटना में मुखिया संघ के उपाध्यक्ष का टूटा हाथ

CHAIBASA : गुरुवार शाम बीच सड़क पर कुत्ता आ जाने से में टोंटो प्रखंड के बामेबासा पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के उपाध्यक्ष मंगल सिंह कुंटिया का सड़क दुर्घटना में हाथ टूट गया। उन्हें साकेत हॉस्पिटल डिमना रोड जमशेदपुर में मुखिया संघ के अध्यक्ष हरिन तमसोय, मुखिया संघ के उपाध्यक्ष डॉ, दिनेश चंद्र बोयपाई, मुखिया संघ के महासचिव जगमोहन सवैया, आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के सिंहभूम लोकसभा प्रभारी रामहरि गोप आदि मिल कर बेहतर इलाज के लिए साकेत हॉस्पिटल डिमना रोड जमशेदपुर में एडमिड कर दिया। फिलहाल अभी उनका इलाज चल रहा है। बताया गया कि वह खतरे से बाहर है।

इंदौर में ई गवर्नेंस स्कीम 2023 के लिए उपायुक्त हुए सम्मानित

CHAIBASA : इंदौर में 24 व 25 अगस्त को आयोजित 26वें नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ई-गवर्नेंस में ई गवर्नेंस स्कीम 2023 के लिए पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर नवाचार के तहत जन सहायता कोषांग के बेहतर क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सम्मान मिलने के बाद उपायुक्त ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम में बेहतर तरीके से टीम कार्य कर रही है। ई गवर्नेंस स्कीम में हम लोग बेहतर काम किए हैं। इसका सम्मान मिला है। यह सम्मान जिले की पूरी टीम का मनोबल बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम में ई गवर्नेंस का काम अभी और रफ्तार से किया जाएगा। मालूम हो कि उपायुक्त को दिल्ली में बेहतर कार्यों के लिए सम्मान मिल चुका है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से हमारी टीम में गौरवान्वित है।

मालवाहक वाहनों से टाटा बाईपास आज रहा जाम, लोगों को हुई परेशानी

CHAIBASA : चाईबासा के टाटा बाईपास के पास मालवाहक वाहनों से शुक्रवार को पूरा सड़क जाम हो गया। इसके कारण आवागमन करने वाले विद्यार्थियों से लेकर आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की सुबह से ही टाटा बाईपास लगभग 10 बजे तक जाम रहा। जाम होने की वजह से टाटा कॉलेज की ओर जाने वाले विद्यार्थियों को भी कड़ी मशक्कत कर इधर-उधर से जाना पड़ा। हालांकि एक साइड रास्ता छोड़ दिया गया था। इससे कुछ दोपहिया वाहन का आवागमन हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार इस तरह का जाम टाटा बाईपास में लग रहा है, लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से ठीक नहीं किया जा रहा है। मालूम हो कि सुबह का समय कई लोगों का दफ्तर जाने का समय होता है। स्कूली बच्चों को भी छोड़ने जाने वाले वाहन को भी इधर-उधर से घूम कर जाना पड़ रहा है, ताकि स्कूल समय पर पहुंच सकें।

पश्चिमी सिंहभूम बसपा का पुनर्गठन, जेम्स बने अध्यक्ष

CHAIBASA : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की शुक्रवार को चाईबासा परिसदन में प्रदेशी लाल मुंडा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश प्रभारी जीसी दिनकर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश प्रभारी मरामबाबु चिरगया एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता मौजूद थे। इनकी उपस्थिति में जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया। कमेटी में जिला अध्यक्ष जेम्स हेम्ब्रम को बनाया गया है। महासचिव प्रदेशी लाल मुंडा, सचिव शंकर देवगम, कोषाध्यक्ष शशि भूषण, जिला प्रभारी तुरी सुन्डी और नरेश राम को बनाया गया है। झारखंड प्रदेश प्रभारी ने जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष के अनुमोदन से प्रत्येक विधानसभा स्तरीय कमेटी बनाने का भी निर्देश दिया है। विधानसभा स्तरीय कमेटी बनाने के एक माह के अंदर बूथ स्तरीय कमिटी बनाने का निर्देश दिया गया है। अक्टूबर में तिथि निर्धारित कर झारखंड प्रदेश कमेटी को अवगत कराया जाये। निर्धारित तिथि में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल कमिटी से 10-10 प्रतिनिधि को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती का संदेश एवं सख्त निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। अन्त में सनातन संवैया ने धन्यवाद दिया।

बिरसा मुंडा हॉकी STADIUM के पास पार्क में लगी 40 फीट मूर्ति टूटी, लीपा पोती शुरू

PHOTON NEWS ROURKELA : शहर के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम गेट नंबर 2 के रास्ते में आधा एकड़ भूमि पर पार्क में बनाया गया। इसमे आयरन से बनी 40 फीट ऊंची मूर्ति भी शामिल थी। मूर्ति पर 30 लाख 68 हजार रुपये खर्च हुए, वहीं पार्क के लिए करीब 50 लाख रुपये भी शामिल हैं। 11 जून को आए आंधी में प्रतिमा गिर गई। हॉकी के बुनियादी ढांचे और सौंदर्यीकरण पर प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में टूटी हुई मूर्ति। ● फोटोन न्यूज

गलती को छुपाने के लिए पूरे पार्क को ढक दिया गया। अगले दिन, राउरकेला म्यूनिसपल कारपोरेशन ने पुलिस स्टेशन में प्रतिमा को काटने की शिकायत की गई। इसके बाद रात भर मरम्मत का काम शुरू हुआ. हालाँकि, मूर्ति वहीं पड़ी रह गई क्योंकि मूर्तिकार प्रतिमा की मरम्मत करने में विफल रहा। तब से 70 दिन से ज्यादा हो गए है। अब इस मामले में जांच की मांग कांग्रेस और बीजेपी सदस्यों द्वारा की जा रही है।

यह घटना पर राउरकेला म्यूनिसपल कारपोरेशन के अधिकारी चुप है। अब मामला शांत होने पर रिकवरी प्लान शुरू कर दिया गया। प्रतिमा को स्थानांतरित करने के लिए आरएमसी द्वारा 19 तारीख को एक क्रेन मूर्ति को तोड़ने और उसे स्थानांतरित करने के लिए पार्क में दाखिल हुई। अधिक वजन के कारण पार्क के अंदर लगे पेवर ब्लॉक टूट गए और क्रेन आगे नहीं बढ़ सकी। अगले दिन यानी 20 अगस्त की रात को मूर्ति को कई टुकड़ों में काटकर स्थानांतरित किया गया।

चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग पर मना जश्न, विद्यार्थियों में उत्साह

जश्न मनाती छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS ROURKELA : टाउन नोडल हाईस्कूल और जीएनपीएस के विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 की चांद पर लैंडिंग को देखा। वहीं इस दौरान सफलता पर विद्यार्थियों ने तिरंगा के साथ देशभक्ति के नारों के साथ जश्न मनाया। जीएनपीएस के छात्रों को इस ऐतिहासिक घटना को सामूहिक रूप से लाइव देखने के लिए स्क्रीन की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में बच्चों के साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी चांद पर लैंडिंग का लाइव तस्वीर देखे।

राउरकेला के सभी स्मार्ट सरकारी स्कूल के स्मार्ट क्लास के स्क्रीन लगाए गए थे। चंद्रयान- 3 का एक आकृति बनाकर स्कूल में लगायी गयी थी। गौरवशाली पल के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी गई।

इग्नू में जुलाई 2023 शैक्षिक सत्र में नामांकन व पुनः पंजीकरण की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ी

PHOTON NEWS CHAIBASA : महिला कॉलेज इग्नू सेंटर में जुलाई 2023 शैक्षिक सत्र में नामांकन एवं पुनः पंजीकरण की तिथि 21 अगस्त से बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी गयी है। चाईबासा के महिला कॉलेज इग्नू सेंटर में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में ऑनलाइन मोड एवं ओडीएल मोड दोनों के लिए नामांकन लिंक बेवसाइट पर उपलब्ध है।

नामांकन के लिए विधार्थी https://ignouadmission.samarth.edu.in पर जाकर पुनः पंजीकरन करा सकते हैं। महिला कॉलेज के इग्नू को-ऑर्डिनेटर सुचित्र बाड़ा ने कहा कि इग्नू लचीला दृष्टिकोण अपनाता है। विद्यार्थी ऑनलाइन मोड पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अगले वर्ष के लिए पंजीकरन कर सकते हैं। इसके बावजूद कि उन्होंने परीक्षा दी है या नहीं। उन्होंने पंजीकृत पाठ्यक्रम पूरा किया है या नहीं।

हर बाधा एक अवसर की तरह होती है : के उमामहेश्वर राव

PHOTON NEWS ROURKELA : एनआईटी, राउरकेला ने प्रथम वर्ष के स्नातक छात्रों के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन कार्यकम आयोजित हुआ। ओरिएंटेशन कार्यक्रम भुवनेश्वर बेहरा ऑडिटोरियम में शुरू हुआ और इसमें लगभग 1,000 नए छात्र शामिल हुए, जिनमें से कुछ अपने माता-पिता के साथ थे।

कार्यशाला में बोलते के उमामहेश्वर राव।

इस दौरान डीन, रजिस्ट्रार, विभागों के एचओडी, विभिन्न इकाइयों के प्रमुख और अन्य शैक्षणिक अधिकारियों ने छात्रों को परिसर के माहौल, संस्थान और इसके विभिन्न पदाधिकारियों, शैक्षणिक विनियमन, संसाधनों, बुनियादी ढांचे, छात्र क्लबों और एनआईटी राउरकेला के जीवंत समुदाय से परिचित कराया और उन्हें आश्वासन दिया।

इस दौरान संस्थान के निदेशक के. उमामहेश्वर राव ने छात्रों को बधाई दी और उनका स्वागत किया और अपने संबोधन के दौरान समावेशिता और सशक्तिकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने संसाधनों के उचित उपयोग और मूल्यवान कौशल निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। छात्रों को स्वास्थ्य, समय और तनाव प्रबंधन पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा, ₹प्रत्येक बाधा सीखने, कुछ नया करने और मजबूत होकर उभरने का एक अवसर है। एनआईटीआर विकास, सीखने और बुद्धिमता के कई अवसर प्रदान करता है।

एनआईटी, राउरकेला के सहयोग से जैविक खेती कार्यशाला का समापन

बेहतर पैदावार के लिए जैविक खेती सहायक : पीके स्वाई

PHOTON NEWS ROURKELA : राउरकेला इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला द्वारा संयुक्त रूप से जैविक खेती कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला समापन के दौरान मुख्य महा प्रबंधक (नगर प्रशासन एवं सीएसआर) पीके. स्वाई मुख्य अतिथि थे।

कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीण महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

इस दौरान पीके स्वाई ने कहा कि समाज और राष्ट्र निर्माण में महिला किसानों द्वारा दिए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ मिट्टी और पानी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जैविक खेती दुनिया भर में समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि में जैविक खेती की प्रक्रिया को शामिल करने के लिए कार्यक्रमों की योजना और कार्यान्वयन के लिए दीर्घकालिक ढांचे के निर्माण के लिए जैविक खेती और जैविक खाद के उपयोग पर किसानों के बीच समझ विकसित करना है।

इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक (सीएसआर) एएन पति, उपप्रबंधक (सीएसआर) ऋचा सुधिरम भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जीके नेहरू ने किया जबकि एनआईटी राउरकेला के सहायक प्रोफेसर डॉ. दिव्यकांत सेठ ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में नुआगांव ब्लॉक के जहरीटोली, कुआरमुंडा ब्लॉक के कचारू, लाठीकटा ब्लॉक के हाथीबांधा और बड़मराईन गाँव की 50 महिला किसानों ने भाग लिया।

लॉकर तोड़कर चोरी के आरोपी को पांच साल की सजा, 10 हजार जुमार्ना

PHOTON NEWS CHAIBASA : घर का ताला, अलमारी एवं लॉकर तोड़कर सामानों को चोरी करने के आरोप में गुवा थाना क्षेत्र के सेवा नगर निवासी आकाश सांडिल को मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी के न्यायालय में दोषी करार देते हुए 5 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही 10 हजार जुमार्ना भी लगाया गया है।

आकाश सांडिल की फाइल फोटो।

इस संबंध में 16 जनवरी 23 को किशोर कुमार सिंह ने गुवा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक की में बताया गया कि वादी किशोर कुमार सिंह अपने घर के चाभी पड़ोस के महिला शकुन्तला देवी को देकर सपरिवार जमशेदपुर गये थे। 26.01.2023 को सुबह 07:30 बजे शकुन्तला देवी द्वारा फोन करके वादी को बताये कि कल शाम 05:00 बजे घर का ताला बंद कर के गई थी एवं आज सुबह आकर देखी तो घर का ताला, अलमारी एवं लॉकर टुटा हुआ है एवं सामानों की चोरी हो गई है।

अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा इस काण्ड का उद्भेदन करते हुए अभियुक्त आकाश साण्डिल उर्फ ढूंढू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके बाद सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया। जिसके आधार मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में अभियुक्त आकाश साण्डिल उर्फ ढूंढू को 5 साल कारावास तथा 10,000/- जुमार्ना की सजा दी गई है।

नंदलाल बिरुवा की अध्यक्षता में आजसू की हुई बैठक, विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

PHOTON NEWS CHAIBASA : मझगांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम अंगरपदा में आजसू पार्टी की बैठक मझगांव विधानसभा प्रभारी नंदलाल बिरुवा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में शामिल आजसू पार्टी के कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

मझगांव विधानसभा प्रभारी नंदलाल बिरुवा ने कहा कि संगठन का विस्तार करना व जन जन तक पहुंचना हमारी पार्टी का उद्देश्य है। इतना ही नहीं जन जन के समस्या का समाधान करना भी हमारी पार्टी की प्राथमिकता होगी। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। इसका ध्यान हम सभी कार्यकर्ता भली भांति जानते है। इससे भोली भाली जनता अपने आप को ठगी महसूस कर रही है। इसका निदान कैसे किया किया जाए यह भी बताना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मझगांव विधानसभा क्षेत्र में आजसू सदस्य लगातार बढ़ रहा है। आने वाले विधान सभा चुनाव में आजसू पूरे मझगांव विधानसभा में मजबूती स्थिति में देखने को मिलेगी। पार्टी की मजबूती को लेकर आजसू पार्टी का अंगरपादा पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से शंभू कुल्डी को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुल्डी और सचिव कानूराम कुल्डी को बनाया गया। इस मौके पर मझगांव विधानसभा प्रभारी नंदलाल बिरुवा , मझगांव प्रखंड अध्यक्ष संजीत कुमार दास, मंझारी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार बिरुवा, मंझारी प्रखंड सचिव लक्ष्मण बिरुवा, झुनझुन बिरुवा, रविन्द्र पिंगुआ, विद्याधर गोप, सुभाष गोप इत्यादि उपस्थित थे।

एसीसी कंपनी में स्थाई नौकरी के लिए चयनित 45 रैयतों की नियुक्ति लंबित रहना दुर्भाग्य

विधायक ने सीएम से मिलकर मामले को अवगत कराने का दिया आश्वासन

PHOTON NEWS CHAIBASA : झींकपानी प्रखंड के दोकट्टा गांव में विभिन्न गांव के ग्रामीणों की संयुक्त बैठक ग्रामीण मुंडा रसिकलाल होनहागा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दोकट्टा के अलावा कोंदोवा, राजंका, चालगी व सुरनिया गांव के ग्रामीण मुंडा समेत ग्रामीण उपस्थित हुए। बैठक में सदर चाईबासा विधायक दीपक बिरुवा विशेष रूप आमंत्रित थे। इस बैठक में एसएससी सीमेंट कंपनी की ओर से स्थाई नौकरी के लिए चयनित 45 रैयतों की नियुक्ति को .लेकर चर्चा हुई।

ग्रामीणों संग बैठक करते विधायक दीपक बिरुवा। ● फोटोन न्यूज

कहा गया कि कंपनी में स्थाई नौकरी के लिए चयनित 45 रैयतों की नियुक्ति अब तक नहीं किया जाना दुर्भाग्य है। हालांकि विगत 18 अगस्त को चाईबासा के एक कार्यक्रम में आए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि आगामी 8 सितंबर को गुवा शहीद दिवस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पुनाः ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके पूर्व माननीय विधायक श्री दीपक बिरुवा को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

ग्रामीणों ने विधायक दीपक बिरुवा से आग्रह किया कि कंपनी में अस्थाई नौकरी के लिए चयनित रैयतों की नियुक्ति को लेकर पुनाः मुख्यमंत्री से मिलकर अवगत करायें, ताकि इन लोगों की नियुक्ति हो सके। इस पर विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि स्वयं इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री जी से मिलेंगे और इन लोगों की नियुक्ति के लिए आग्रह करेंगे।

मौके पर तूराम बिरुली, जरगी हेस्सा, राजशेखर दोराईबुरु, बालकृष्ण हेस्सा, पांडु गोडसोरा, कमल गोडसोरा, बृजमोहन गोडसोरा, कोदमा होनहागा, जावा अंगरिया, चंद्रिका हेस्सा, लक्ष्मी हेस्सा, मुक्ता गोडसोरा, शीला कुमारी हेस्सा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सदर अस्पताल सभागार में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

तंबाकू सेवन से 50 प्रतिशत लोग अलग-अलग प्रकार के कैंसरों से मौत के शिकार हो रहे : DR. BHARTI MINZ

PHOTON NEWS CHAIBASA : सदर अस्पताल सभागार में जिला नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी 15 प्रखंडों के समुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित डॉ भारती मिंज व अन्य। ● फोटोन न्यूज

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य तंबाकू आज समाज में एक बड़ी चुनौती के विषय पर चर्चा एवं तंबाकू की लत पर चर्चा हुई। जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ भारती मिंज ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए तंबाकू की लत एवं तंबाकू में निर्भरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तंबाकू की लत एक ऐसी शारीरिक एवं मानसिक स्थिति जहां पर तंबाकू का सेवन करने वाला व्यक्ति तंबाकू के उपयोग को बंद नहीं कर पाता है एवं एक ऐसी स्थिति जहां तंबाकू सेवन करने की तीव्र इच्छा या तलब को तंबाकू सेवन करने वाला व्यक्ति तंबाकू के परिणाम को नजरंदाज करता है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वास्थ्य प्रदाता या काउंसलर के द्वारा दी गई एक छोटी सी सलाह तंबाकू की आदत छुड़वाने के लिए बहुत ही प्रभावशाली कारगार इलाज साबित हो सकता है। इस प्रशिक्षण के मुख्य प्रवक्ता अनूप बागे ने तंबाकू समाज में एक चुनौती पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर साल पुरे विश्व में लगभग 54 लाख लोग तंबाकू की चपेट में आकर अपनी जान गवां देते हैं, एवं 50% लोग अलग-अलग प्रकार के कैंसरों के कारण मौत के शिकार हो रहे हैं और जिसका मुख्य कारण तम्बाकू का सेवन है । उन्होंने झारखंड में तम्बाकू उपभोक्ताओं पर भी चर्चा की जिसमें उन्होंने बताया कि राज्य में तम्बाकू उपभोक्ताओं की संख्या देश के राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। उन्होंने तम्बाकू से होने वाले विभिन्न बिमारियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

जिला परामर्शी मुक्ति बिरुआ के द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 के बारे भी विस्तार से जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कोटपा के अलग-अलग धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइकोलोजिस्ट शिवानी बोयपाई ने जिला के सदर अस्पताल में मौजूद तम्बाकू निवारण केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं मौजूदा सर्विसेज के बारे में प्रशिक्षण में आये लोगों को जानकारी दी।

आयुक्त आवास के पास पेड़ की डाल गिरने से आवागमन बाधित

कमिश्नर आवास के पास गिरी पेड़ की डाली। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA : कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार के आवास के पास गुरुवार रात पेड़ की टहनी गिरने से आवास का मुख्य गेट जाम हो गया। वहीं, बिजली का तार भी क्षतिग्रस्त हो गया। इससे आकाशवाणी की ओर आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई। साथ ही बिजली की आपूर्ति ठप हो जाने से वीआईपी कॉलोनी के लोगों परेशान रहे। आयुक्त आवास में भी बिजली की आपूर्ति बंद रही।

बताया जाता है कि गुरुवार रात तेज हवा चलने के कारण एक पुराने पेड़ की टहनी सड़क पर गिर गई। हालांकि इस घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ। इधर, शुक्रवार सुबह से ही सम्बंधित विभाग के कर्मचारी सड़क मार्ग को दुरुस्त करने में जुट गए थे। बिजली विभाग की ओर से भी मरम्मत का भी कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि देर शाम तक सब कुछ बिजली बहाल हो जाएगी।



ड्रीम गर्ल में हेमा मालिनी और माधुरी दीक्षित को कॉपी करने की कोशिश की है: आयुष्मान खुराना

मेरी बड़ी इच्छा है कि मैं अपने साथ काम करने वाली और फिल्म इंडस्ट्री में जितनी भी एक्ट्रेस काम करती हैं, उन सभी को डराऊं उनकी रातों की नींदें उड़ा दूं। उन्हें इतना परेशान कर दूं कि देखो अब आयुष्मान भी एक लड़की बनकर आ गया है और वह कितनी बला की खूबसूरती लेकर आया है। मैं तो यह भी चाहता हूं कि इस साल का बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड का नॉमिनेशन भी मुझे जाए और अवार्ड भी मुझे मिल जाए तो कुछ इस तरीके से चुटीली बातों के साथ आयुष्मान खुराना मीडिया से मुखातिब हो रहे हैं।

आयुष्मान खुराना की फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' जल्द ही लोगों के सामने आने वाली है। मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी फिल्म के बारे में। आयुष्मान ने यूं तो कई सारी बातें बताई। लेकिन साथ ही में कुछ बातों को बहुत संजीदगी से भी मीडिया के सामने रखने की कोशिश की।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए आयुष्मान बताते हैं कि मुझे यह रोल निभाते समय खास दिक्कत तो नहीं हुई कपड़े और मेकअप जेवर यह सब आपको मिल जाता है, लेकिन आप लड़कियों वाली अदाएं कैसे लेकर आएंगे इस बात पर बात ठहर जाती है। लेकिन भला हो मैंने अपने पुराने समय में बहुत ज्यादा थिएटर किया है। रेडियो जॉकी भी रहा हूं। और नाट्यशास्त्र में भी पढ़ा है कि कैसे नौ रस होते हैं तो इन सब को अपना लिया मैंने। और अपने अंदर की जो फेमिनिन एनर्जी है उसको जगाए रखा और इन सब की वजह से मुझे अपना रोल करने में आसानी हुई।

सालों से पुरुष महिला बनते आ रहे हैं लेकिन कई बार ऐसे एक। हंसी मजाक के रूप में दिखाया जाता है। यही रोल अगर आपको बहुत संजीदगी के साथ करना होता तो क्या आप निभाते? क्या कभी ट्रांसजेंडर का रोल करते।

बिल्कुल, आज भी देश के कई गांव में रामलीला होती है या नाटकों का मंचन होता है तब द्रौपदी या सीता किसी पुरुष पात्र को ही निभाना पड़ता है। हाल ही में फिल्म जो ताली भी आई है जिसमें एक ट्रांसजेंडर की कहानी को दिखाया गया है। कभी ऐसी भूमिका मुझे मिली तो मुझे यह निभाने में अच्छा लगेगा। लेकिन फिर भी मैं तो यही कहूंगा कि ऐसी भूमिका के लिए किसी ट्रांसजेंडर को ही आगे आना चाहिए और उसे यह भूमिका निभानी चाहिए।

आपकी जिंदगी में ऐसी कोई महिलाएं रही है जिनसे आप बहुत गहरे तौर पर जुड़े और शायद उनकी कोई बातें आपने अपने रोल में उपयोग में लाई हो।

मैं अपनी जिंदगी में बहुत सारी स्ट्रांग महिलाओं से घिरा हुआ हूं चाहे वह मेरी पत्नी हो चाहे वह मेरी मैनेजर ही क्यों ना हो। लेकिन फिर भी इस रोल के लिए मैंने रोल मॉडल के तौर पर किसी ऐसे एक्टर का अनुसरण नहीं किया जो एक्टर होने के बाद उसने फीमेल कैरेक्टर किया हो और मैं उन एक्टर की नकल कर लूं। मैंने बजाय इसके असली ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी और माधुरी दीक्षित जी को कॉपी करने की कोशिश की है। मुझे लगा वह मेरा बेंचमार्क है और मैं इनके जैसे अदायगी लाने की कोशिश करता हूं।

इस रोल को निभाने में कहीं कोई चुनौती का सामना किया।

नहीं, ऐसे बहुत बड़ी चुनौती का तो नहीं कह सकता। एक एक्टर को जितने अलग अलग वेशभूषा और अलग अलग तरीके के कैरेक्टर करने का मौका मिले, उसके लिए वह एक बेहतरीन मौका बन जाता है और मैंने अपने इस मौके का बहुत अच्छे से इस्तेमाल भी किया है। हां, तकलीफें बिल्कुल आई है। अब जैसे 40-45 डिग्री पर मैं शूट कर रहा हूं। पसीने से भीगा हुआ हूं। और मुझे अपना वेट भी संभालना है। मुझे अपने कपड़े भी संभालने है। मुझे एक्टिंग भी करनी है तो वहीं पर कभी यह भी हो जाया करता था कि पसीना आ गया है, मेकअप किया हुआ है लेकिन 3 घंटे बाद मेरी दाढ़ी बढ़ गई है तो फिर शेविंग करो और फिर से मेकअप करो।

एक बात समझाने के लिए बताते हैं जैसे शिवजी का अर्धनारीश्वर रूप है जिसमें आधे शिव होते हैं और आधी माता पार्वती का वास होता है। वह आपने भी निभाया है जिसमें आपको शिव रूप भी दिखाना है तो वहीं पार्वती रूप भी दिखाना है। कैसे बैलेंस किया?

मेरे हिसाब से हर व्यक्ति में चाहे वह मर्द हो या औरत हो, कहीं ना कहीं दूसरा एलिमेंट होता है। अगर कोई एक पुरुष है तो उसमें महिला स्वरूप ही होता है तभी तो वह एक धैर्यवान व्यक्ति बन पाता है। वह लोगों को प्यार से जीत पाएगा और अगर यह सारी। खासियत ए खूबियां जो महिलाओं में होती है, एक पुरुष अपने अंदर उसे संजो कर रखेगा। अपनी संवेदनशील फेमिनिन एनर्जी को उतना ही महत्व देगा यह हमारे समाज के लिए बहुत अच्छा होगा। इससे हम बेहतर समाज बना पाएंगे।

वही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि एक। मेल एनर्जी महिला में भी होती है तभी तो वह सकारात्मक रूप से आगे बढ़ पाते हैं। कई सारी चुनौतियों का सामना कर पाती है। और मेरे इस कैरेक्टर के लिए! यह सम्मेलन एनर्जी को संजोए रखना और उसको उभारना बहुत ही मददगार साबित हुआ है। और शायद इसी तरीके से मैंने अपने पार्वती वाले रूप को भी सम्मान दिया है।

टेलीविजन पर क्या करना चाहिए मैंने सीख लिया: डेजी शाह

अभिनेत्री डेजी शाह रियलिटी शो करने वाली बॉलीवुड हस्तियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। वह वर्तमान में फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 13 में प्रतिभागी हैं। रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में प्रतिभागी डेजी शाह को लगता है कि वह इस शो से काफी कुछ सीख गई हैं। उन्होंने कहा कि खतरों के खिलाड़ी करने के बाद वह यह सीख चुकी हैं कि टेलीविजन पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं। डेजी शाह ने सलमान खान के साथ फिल्म जय हो से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अभिनेत्री को शिव ठाकरे और साउंडस मौफाकिर के साथ गेमिंग चैलेंज में भाग लेते देखा गया। अभिनेत्री ने शो खतरों के खिलाड़ी में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, इस शो के लिए मुझे सभी से बहुत प्यार मिल रहा है। मैंने इस तरह के प्यार की उम्मीद नहीं की थी। इस शो को करने का मकसद बड़े पैमाने पर दर्शकों से जुड़ना था। शो में अपने विभिन्न स्टंट के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, स्टंट शुरू करने से ठीक पहले एक तितली जैसा एहसास होता है लेकिन फिर आपको रोहित सर की आवाज सुनाई देती है कि आप यह कर सकते हैं। यह आपको स्टंट करने के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में कोई अंदाजा नहीं था कि टीवी की दुनिया कैसे चलती है। अब मैंने सीख लिया है कि टेलीविजन में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। यह सीखने का एक शानदार अनुभव रहा है। मैंने इस शो के साथ बहुत अच्छी यादें और दोस्त बनाए हैं।

कृति सेनन ने नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीतने पर जताई खुशी, आलिया भट्ट की भी की तारीफ

69वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स 2023 के विजेताओं का ऐलान हो गया है। आलिया भट्ट को 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और कृति सेनन को 'मिमी' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया है। इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने के बाद कृति ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की है। कृति सेनन ने अपनी इस कामयाबी पर सभी को धन्यवाद किया है। कृति सेनन ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं अभी भी इसमें डूबी हुई हूं। खुद को पिंच कर रही हूं कि क्या ये सब सच में हुआ है। मिमी के लिए बेस्ट ऐक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला है। ज्यूरी को शुक्रिया, जिन्होंने मेरी परफॉर्मेंस को इस अवॉर्ड के लायक समझा। एक्ट्रेस ने लिखा, यह मेरे लिए पूरी दुनिया है। डीनो मैं आपका धन्यवाद कैसे करुं... आपने मुझपर इतना विश्वास किया और हमेशा मेरे साथ खड़े रहे और मुझे यह फिल्म दी... इसके लिए मैं आपकी जीवन भर शुक्रगुजार हूं। लक्ष्मण सर आप हमेशा मुझे कहते थे कि मिमी देखना आपको इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलेगा। मिल गया सर... और यह आपके बिना मुमकिन नहीं था। मॉम, डेड, नूप्स आप सभी मेरी लाइफलाइन हैं। हमेशा चीयरलीडर बनने के लिए थैंक्यू। कृति सेनन ने आलिया भट्ट को भी नेशनल अवॉर्ड जीतने पर बधाई देते हुए कहा बधाई हो आलिया आप ये डिजर्व करती हैं। मैं हमेशा आपके काम की सराहना करती हूं। मैं इस मोमेंट को आपके साथ शेयर करने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। ये...बिग हग... चलो सेलिब्रेट करते हैं। आंखें नम हैं और दिल भरा हुआ है। मिमी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। बता दें कि फिल्म 'मिमी' में कृति सेनन के साथ पंकज त्रिपाठी अहम किरदार में थे। इस फिल्म के लिए पंकज ने भी बेस्ट सहायक अभिनेता का नेशनल अवॉर्ड जीता है। लक्ष्मण उतेकर निर्देशित फिल्म 'मिमी' की कहानी एक युवा लड़की की कहानी है, जो एक अमेरिकन कपल के लिए सरोगेसी से मां बनती है।

'खलनायक 2' से कटा संजय दत्त का पत्ता?

संजू बाबा के फैंस के लिए एक बुरी खबर है। खबरें ऐसी आ रही है कि खलनायक 2 के लिए शायद सुभाष घई अब संजय दत्त को साइन करने के मूड में नहीं हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन निर्माता ने यह साफ कर दिया है कि उन्होंने फिल्म खलनायक 2 के लिए अभी किसी को अप्रोच नहीं किया है। संजय दत्त को भी नहीं लगता है खलनायक 2 के लिए कुछ विशेष प्लानिंग की जा रही हैं। माना ये भी जा रहा है कि नयी कहानी के साथ नयी कास्ट भी हो सकती हैं!

संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ स्टारर 'खलनायक' ने अगस्त में अपनी रिलीज के 30 साल पूरे कर लिए हैं। जश्न के मौके को यादगार बनाने के लिए फिल्म निर्माता सुभाष घई ने फिल्म को दोबारा रिलीज करने की घोषणा की है। उनके पास लगभग 100 स्क्रीन हैं जहां फिल्म 4 सितंबर को दोबारा रिलीज होगी। इस बीच, कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि सुभाष ने खलनायक के सीक्वल के लिए संजय दत्त को फाइनल कर लिया है। हालाँकि, उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर इस पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया है।

अब अपने इंस्टाग्राम पर सुभाष घई ने अपनी फिल्म खलनायक 2 के सीक्वल की कास्टिंग के बारे में सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। उन्होंने संजय दत्त की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जैसा कि मीडिया के एक वर्ग में रिपोर्ट किया गया है, मैं स्पष्ट कर दूं कि मुक्ता आर्ट्स ने किसी पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। खलनायक 2 के लिए अभिनेता, हालांकि हम पिछले तीन वर्षों से इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं और तत्काल फ्लोर पर जाने की कोई योजना नहीं है। अब हम 4 सितंबर को मुंबई में सितारों के साथ खलनायक के 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।'

संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ अभिनीत 'खलनायक' ने 6 अगस्त को अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाई। निर्माताओं ने इस उपलब्धि को मनाने के तरीके के रूप में 4 सितंबर को सिनेमाघरों में फिल्म को फिर से रिलीज करने का फैसला किया। 4 सितंबर को, मुक्ता आर्ट्स और रेडियो नशा मुंबई में फिल्म के अभिनेताओं की भागीदारी के साथ एक प्रीमियर की मेजबानी करेगा। इस साल जून में, संजय दत्त ने इंस्टाग्राम पर घई की प्रशंसा करके समय से पहले खलनायक के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाया। उन्होंने लिखा, 'मैं भारतीय स्क्रीन के सबसे महान निर्देशकों में से एक सुभाष जी, आदर्श राम बनने के लिए जैकी दादा और गंगा बनने के लिए माधुरी और खलनायक की पूरी कास्ट और क्रू को बधाई देना चाहता हूं, मैं आभारी हूं और मुझे गर्व है कि मैं एक अभिनेता हूं।' ऐसी प्रतिष्ठित फिल्म का हिस्सा, और इसके हर पल को संजोकर रखना।

टेस्ट में अहम भूमिका निभाएंगे माधवन

अभिनेता आर माधवन जल्द ही शशिकांत की आगामी क्रिकेट ड्रामा फिल्म टेस्ट में नयनतारा, सिद्धार्थ और मीरा जैस्मीन के साथ दिखाई देंगे। हम यह अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि वह अपने अगले किरदार में किन इमोशंस को स्क्रीन पर दर्शाएंगे। अभिनेता की फिल्मोग्राफी बतौर एक्टर उनकी अदभुत क्षमता को दर्शाती है, जो बहुत रोचक और सराहनीय है। रहना है तेरे दिल में से लेकर तनु वेड्स मनु और रंग दे बसंती जैसी फिल्मों में माधवन की प्रतिभा न केवल उनके अभिनय कौशल बल्कि अपने को-स्टार के साथ एक उल्लेखनीय केमिस्ट्री बनाने की उनकी क्षमता को बयान करती है। उनके ऑन-स्क्रीन रोमांस वास्तविक और प्रामाणिक लगते हैं, जो अक्सर दर्शकों को उनके द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं में सराबोर कर देते हैं।

फिल्म के गाने, मेलोडियस ट्यून्स और अद्भुत गीत के साथ प्यार और लालसा की भावनाओं को दर्शाते हुए अभी भी दिलों को लुभाते हैं। वर्षों बाद भी इन गानों का क्रेज फैंस के बीच देखने को मिलता है, जो फिल्म के आकर्षण और उनके किरदार का एक जीता जागता प्रमाण है। चाहे वह रहना है तेरे दिल में में दीया मिर्ज़ा के साथ उनकी रोमांटिक केमिस्ट्री हो, तनु वेड्स मनु में कंगना रनौत के साथ साझा की गई आग लगाने वाली केमिस्ट्री हो, या अलाई पेयुथे में शालिनी के साथ आकर्षक उपस्थिति हो उनकी केमिस्ट्री महज प्रदर्शन से उठकर नज़र आती है, जो हर कहानी को शानदार बना देती है।

अपने सहयोगी स्टारों के साथ उनकी केमिस्ट्री से प्रेरित होकर उन्होंने आज तक महिला प्रशंसकों और युवाओं सहित दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। एक ऑन-स्क्रीन लवर के रूप में उनकी छवि आज भी लोगों को उन्हें रोमांटिक किरदारों में देखने के लिए उत्साहित करता है।